भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार


# जागरूक जनता

14 मई - 20 मई 2025
jagrukjanta.net

ज्येष्ठ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वितीया, संवत 2082 पृष्ठ : 8+2 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-11, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पीओके को लेने का संकल्प अभी बाकी है

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**बीते** 22 अप्रैल का कश्मीर के पहलगांव में हुआ वीभत्स हत्याकांड अभी जनता के दिलोदिमाग से निकला नहीं है। यह हत्यांड हमारे पड़ौसी देश पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद का घिनौना चेहरा है। पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद और उसके आकाओं को कुचलने का काम हमारे देश की सेनाओं ने बखूबी किया है। प्रधानमंत्री ने कूटनीति से पूरे विश्व के सामने पाकिस्तान के कुत्सित चेहरे को उजागर किया और एक-दो देशों को छोड़कर पूरी दुनिया ने भारत का साथ दिया। सात मई को शुरू हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के आगे अल्प समय में ही पाकिस्तान घुटने पर आ गया और दुनिया में बचाओ-बचाओ की गुहार लगाता हुआ मारा-मारा फिरने लगा। भारत की जांबाज सेनाएं आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में लगी हुई थी और बहुत से ठिकानों को नष्ट कर भी दिया, मगर ऐसा क्या हुआ कि चलते ऑपरेशन को बीच में ही रोक कर सीज फायर कर दिया गया। हालांकि सीज फायर के कारणों का पता हाल-फिलहाल तो नहीं लगा, किन्तु चलते ऑपरेशन के बीच ही अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान आया कि भारत और पाकिस्तान सीज फायर के लिए तैयार हो गए हैं। और सीज फायर हो गया। 3 घंटे के सीज फायर के बाद फिर पाकिस्तान ने अपना रंग दिखाया तो भारतीय सेनाओं ने फिर से उसकी कुटाई शुरू कर दी। आखिर क्या परिस्थिति बनी, नहीं मालूम। मगर फिर सीज फायर हो गया। अच्छा होता सीज फायर से पहले पाकिस्तान की कुछ जमीन पर भारतीय कब्जा हो जाता। प्रधानमंत्री ने 12 मई के अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी रुका नहीं है, सिर्फ स्थगित किया गया है। इसके कई मायने हैं। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने के बाद सेना की ओर से अपनी कार्रवाई का विवरण कई बार दिया गया। हमारे देश की सेना पर जनता को गर्व है। अगर सोशल मीडिया की मानें तो हमारी बहादुर सेना की कार्रवाई पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के आसपास पहुंच गई थी। हो सकता है इसी से घबराकर पाकिस्तान अमरीका की शरण में गया। खैर जो भी हुआ, हमारी सेना ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और दुश्मन देश के आतंकी और उनके आकाओं को सबक सिखा दिया। भारतीय जनमानस में एक बात खूब बैठी हुई है और वह है पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने की। जब तक पाक अधिकृत कश्मीर का भारत में विलय नहीं हो जाता, जनता के दिमाग में टीस बनी रहेगी। जनता उस क्षण का इंतजार कर रही है कि जब हमारी सरकार जबरन कब्जाए हुए पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में विलयकर अपना संकल्प पूरा करेगी।

shivdayalmishra@gmail.com



बजट 2025-26 की समीक्षा बैठक

## श्री अन्न को दें प्रोत्साहन-शर्मा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट की प्रत्येक घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी टाइमलाइन बनाते हुए काम करें। अधिकारी उसी तय सीमा में काम को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को ध्यान में रखते हुए अपने प्रत्येक बजट में राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं।

» पेज 3 भी देखें

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...
Natural Immunity Booster
FORTIFIED WITH VITAMIN A & D2
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER
India's Most Trusted Brand
Approved by : WHO GMP
one of the OLDEST OIL known to HUMAN



Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil
WOOD PRESSED
स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।
▸ प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
▸ निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
▸ निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
▸ केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
▸ मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
▸ एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
▸ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
▸ केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
▸ मोटापा घटाने में लाभदायक ।
▸ बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
▸ ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
▸ तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
▸ अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
▸ सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
▸ छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।
Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमूखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-



To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
# For Arward Details : Contact 98290-50738
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
IEM - UEM Group | Jaipur
IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians
Admissions Open 2025-26
600+ Patents Published
30+ Design Patents Granted
800+ Research Paper Published
₹7 CRORES + WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED

B.TECH
CSE - Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
Computer Science & Engineering (CSE) with Specialization
◦ Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
◦ Block Chain Technology
◦ Big Data analytics
◦ Cloud Computing
◦ Cyber Forensic & Internet Security
Electronics & Communication Engineering (ECE)
◦ Artificial Intelligence & Machine Learning
◦ Embedded System ◦ VLSI Design
◦ Internet of Things (IoT) ◦ Robotics
Electrical Engineering (EE)
◦ Electrical & Computer Engineering
◦ Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering (ME)
◦ Automobile Engineering
Civil Engineering (CE)
◦ Sustainable Construction Engineering

M.TECH
WITH SPECIALIZATION
Computer Science & Engineering (CSE)
◦ Big Data Analytics
◦ Cloud Computing
◦ Data Science
◦ Information Security
Electrical Engineering (EE)
◦ Power System Engineering
◦ Power Electronics & Drives
◦ Control System Engineering
Electronics & Communication Engineering (ECE)
◦ Communication Engineering
◦ Micro-Electronics & VLSI
◦ Radio Frequency & Microwave Engineering
Mechanical Engineering (ME)
◦ Production Engineering
◦ Thermal Engineering
Civil Engineering (CE)
◦ Structural Engineering

BBA/MBA
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
MBA with Dual Specialization
◦ Marketing
◦ Finance
◦ Human Resource
◦ Business Analytics
MBA in Hospital & Healthcare Management
MBA Executive

BPT/MPT
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (BPT)
MASTER OF PHYSIOTHERAPY (MPT)
◦ Cardiopulmonary ◦ Orthopaedics
◦ Neurology ◦ Musculoskeletal
◦ Pediatrics ◦ Sports
POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

BCA/MCA
Bachelor of Computer Application (BCA)
◦ Data Science
◦ Cloud Computing
◦ Big Data Analytics
◦ Block Chain Technology
◦ Cyber Forensic & Information Technology
◦ Artificial Intelligence & Machine Learning
Master of Computer Application (MCA)

Ph.D
Doctor of Philosophy (Ph.D)
◦ Computer Science & Engineering
◦ Electrical Engineering
◦ Civil Engineering
◦ Electronics & Communication Engineering
◦ Physics
◦ Chemistry
◦ Mathematics
◦ Humanities
◦ English
Last Date to Apply : 15 June, 2025

Academic Partners
Foreign University Collaborations
More than 18000+ Certification

STUDY ABROAD PROGRAM
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE
PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2025 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS
5 Industry Established Labs
Leading University for 6G Projects, Govt. of India
9887313330, 9887933330
9887413330, 9887433330
Campus: Udaipuria Mod, 6 Kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur - 303807 (Rajasthan)
www.uem.edu.in
FOLLOW US




# पाकिस्तान की विश्वसनीयता नहीं, लेकिन भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी- राठौड़

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पहलगाम हमले के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवादियों को सबक सिखाने के साथ आतंक के प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इतना ही नहीं, पाक की सीमा में घुसकर आतंकवादियों को पैदा करने वालों को भी नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सेना की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी, इसी के चलते ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया और अभी भी जारी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश के शीर्ष नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान ने घुटने टेकते हुए चर्चा के लिए समय मांगा और हमारे नेतृत्व ने चर्चा के लिए समय दिया है। इसमें किसी की भी मध्यस्ता नहीं की गई। भारत का मकसद आतंकवादियों को सबक सिखाने का था और अपने मकसद में भारतीय सेना शत प्रतिशत सफल हुई। हालात यह हो गए कि जो बच गए, वो भी मौत मांग रहे है। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर भारतीय सेना ने आतंकवादी, आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्र और आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत करीबन 100 से अधिक आतंकियों को मारा गया है। राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता नहीं है, ऐसे में भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान ने नापाक हरकतों को अंजाम देते हुए भारत में आम लोगों को शिकार बनाया है। हालांकि भारतीय सेना ने उनके ड्रोन हमलों को भारतीय जमीन पर गिरने से पहले ही नष्ट कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयरबेस को भी ध्वस्त करने का ऐतिहासिक काम किया। राठौड़ ने ऑपरेशन सिंदूर चलाने का उद्देश्य एक बार फिर स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य आतंकवाद है और रहेगा। ऐसे में विपक्ष को धैर्य रखने की भी जरूरत है। प्रश्न करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन आलोचना करना सही नहीं है। राठौड़ ने कहा कि देश की कुटनीतियों को उजागर किया जाए, यह भी जरूरी नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कंवरलाल मीणा की विधायकी के सवाल का जवाब में कहा कि कितने आश्यर्च की बात है कि कांग्रेस कंवरलाल मीणा की विधायकी पर सवाल कर रही है, जबकि एक विधायक 20 लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाता है और कांग्रेस पार्टी का एक भी नेता इस पर कुछ भी नहीं बोलता। क्या यह कांग्रेस का आपसी समझौता है, या मिलीभगत है या फिर बीएपी पार्टी से उनकी आपसी दोस्ती के चलते चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस को यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए।

# जयपुर को हर आपदा से निपटने में सक्षम बना रहा सक्षम जयपुर अभियान


जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर संचालित सक्षम जयपुर अभियान जिले को हर आपदा से निपटने में सक्षम बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर संस्थाओं, संगठनों एवं संघों के हजारों सदस्यों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें आमजन को आपात परिस्थिति में स्वयं एवं अन्य लोगों के बचाव के लिए बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें गाइडलाइन की जानकारी दी जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं विद्यासागर इंस्टीट्यूट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई। सीईओ जिला परिषद प्रतिभा वर्मा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीणा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया।

# पुराने भवन के मलबे के निस्तारण के लिए नगर निगम से करें सम्पर्क

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने उन सभी भवन निर्माण कर्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि अपने पुराने भवन को तोड़ कर नवीन भवन का निर्माण कर रहे है तो भवन तोड़ने के पश्चात् शेष रहे मलबे के उचित निस्तारण के लिए नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हेरिटेज से अवश्य सम्पर्क करें। उन्होंने कच्चे फुटपाथों को कंकरिट के स्थान पर इन्टरलाकिंग टाईल्स का प्रयोग करें ताकि बरसात के मौसम मे सड़को का पानी धरती में चला जाए और सड़को को बरसाती नाले बनने से बचाया जा सके। जिला कलक्टर ने एन्टी स्मॉक गन को उचित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने आमजन से कचरा, कचरा-पात्र में डालने या कचरा संग्रहण वाहन में करने की अपील की है ताकि शहर स्वच्छ बनाया जा सकें। यहां सड़को पर सड़क किनारे कचरा डाला जा रहा है वहां उस कचरे को साफ कर धार्मिक महत्त्व के पौधे लगाकर शहर को हरा भरा बनाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ मानव, पशु-पक्षियों के लिए ब्लकि प्रकृति के लिए भी घातक हैं।



### बजट 2025-26 की समीक्षा बैठकः प्रदेश सरकार युवाओं को दे रही रोजगार के पर्याप्त अवसर

# टाइमलाइन बनाकर करें बजटीय घोषणाएं पूरी, श्रीअन्न को दें प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट की प्रत्येक घोषणा को पूरा करने के लिए अधिकारी टाइमलाइन बनाते हुए काम करें। अधिकारी उसी तय सीमा में काम को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को ध्यान में रखते हुए अपने प्रत्येक बजट में राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए हैं। हम प्रदेश के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त एवं खुशहाल बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित कर रही है, जिससे जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे।

#### वन कार्मिक, पटवारी, स्कूल शिक्षक तथा कांस्टेबल के पदों पर भर्ती शीघ्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि राज्य के युवाओं को रोजगार मिले। इस दिशा में लगभग 1 लाख 88 हजार सरकारी पदों पर भर्तियां प्रि याधीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इसी ₹ म में शीघ्र ही वन विभाग में विभिन्न कार्मिकों, पटवारी, स्कूल शिक्षक तथा कांस्टेबल के पदों पर भर्ती की जाएगी। कार्मिक विभाग द्वारा इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है।

#### चिकित्सालयों में लगाए जाएंगे हॉस्पिटल मैनेजर

शर्मा ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों सहित सभी चिकित्सा संस्थानों में बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए हॉस्पिटल मैनेजर का पद सृजित किया जाएगा। विभाग में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए जिससे उनकी प्रबंधन दक्षताओं में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि मां योजना तथा आरजीएचएस पोर्टल को इंटीग्रेटेड हैल्थ मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत इंटीग्रेट किया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य शिविर लगाकर ई-हैल्थ रिकॉर्ड के कार्य में गति लाई जाए।

#### राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में श्री अन्न को करें शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न को राज्य सरकार के विभिन्न कार्यर् मों में शामिल किया जाए जिससे इसके उपयोग को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि श्री अन्न की पोषण क्षमता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मिड-डे मील तथा मां बाडी केन्द्रों पर पायलट बेसिस पर श्री अन्न आधारित उत्पाद शुरू किए जाएं जिससे बच्चों में सुपोषण तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी आयोजनों में स्वयं सहायता समूह तथा राजीविका की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को उपयोग में लाया जाए जिससे न केवल उन उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि उनकी आय में वृद्धि भी होगी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की जनसुनवाईः कहा, समस्याओं का समाधान प्रमुख प्राथमिकता

# परिवेदनाओं के निस्तारण में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुशासन के उच्चतम मानकों के अनुरूप अधिकारी.कर्मचारी आमजन की परिवेदनाओं पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि आमजन की संतुष्टि ही हमारा प्रमुख ध्येय है। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आमजन से व्यक्तिशः जनसंवाद करते हुए उनकी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को इनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ना केवल समस्याओं का समाधान करना है, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए गुड गवर्नेंस का बेहतरीन मॉडल स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण को सूचीबद्ध करने के साथ ही उनका फॉलोअप सुनिश्चित करने और परिवादियों को सूचित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में लापरवाही बरते, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, कार्मिक अगर सेवानिवृत्त हो गया है, तो उस स्थिति में उनकी पेंशन भी रोकी जाए। शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिताए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर आमजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी 18 मई तक कोचिंग संस्थान में उपस्थिति दे सकेंगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को अब 18 मई तक कोचिंग संस्थानों में उपस्थिति देने की अनुमति दे दी है, पूर्व में यह तिथि 11 मई निर्धारित की गई थी। विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि योजना में चयनित अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी में प्रदर्शित कोचिंग संस्थान में 18 मई तक अपनी उपस्थिति दर्ज होगी। अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2024-25 के लिए विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किये जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी कर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किये गये दस्तावेजों के सत्यापन/जांच के बाद जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किये गये आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की मुख्य मेरिट सूची जारी की जा चुकी है।




### कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तर पर निकाली ऑन-लाईन लॉटरी

# कोटा के कृषक गोलू को मिला 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑन-लाईन लॉटरी निकाली गई।

योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा के कृषक गोलू के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के कृषक ओम प्रकाश के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और कोटा कृषि उपज मंडी मण्डी के कृषक रामभरोस के 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला। योजना में सम्बन्धित कृषक को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है। मण्डी उक्त भुगतान राशि का पुनर्भरण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से प्राप्त करती है। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लिए कृषि उपज को ई-नाम के माध्यम से विक्रय करने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने एवं कृषकों को अपनी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के तहत पुरस्कार मण्डी स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में गेट पास की विक्रय पर्चियों तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों के आधार पर अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रूपये के ईनाम दिये जाते है। खण्ड स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में 50 हजार रूपये, 30 हजार रूपये और 20 हजार रूपये प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर दिये जाते है। साथ ही राज्य स्तर पर वर्ष में एक बार प्रथम पुरस्कार 2 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 1 लाख रूपये के दिये जाते है। इस दौरान निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान, अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग रविन्द्र कुमार शर्मा, प्रभारी योजना प्रमोद कुमार सत्या सहित कृषि विपणन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कर्मचारी चयन बोर्ड ने मास्टर प्रश्न पत्र के उत्तर वेबसाईट पर अपलोड कर आपत्तियां मांगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक/विद्युत) (डिग्रीधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक/विद्युत) (डिप्लोमाधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल/कृषि) (डिग्रीधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिग्रीधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिग्रीधारक) संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक), संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमाधारक), संयुक्त सीधी भर्ती-2024, कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारक), संयुक्त सीधी भर्ती-2024 एवं कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि), संयुक्त सीधी भर्ती-2024 परीक्षाओं के मास्टर प्रश्न पत्रों तथा इनकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर जारी कर दी है। यदि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्न अथवा इसके उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ आगामी 17 मई रात्रि 12 बजे से 19 मई रात्रि 12 बजे से पूर्व तक अपनी ऑनलाईन आपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है।

### राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025

# 4 दिन में बिके 1.28 करोड़ के उत्पाद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले के प्रति जयपुरवासियों का विशेष उत्साह नजर आ रहा है। मेले में मसालों के साथ ही अन्य उत्पादों की जमकर खरीददारी की जा रही है। पिछले चार दिन में ही मसाला मेले में 1.28 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हो चुकी है।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि मेला दिन-ब-दिन परवान चढ़ रहा है। जयपुरवासी बड़ी संख्या में अपनी आवश्यकता के अनुसार मेले में साबुत एवं पिसे मसालों के साथ ही अन्य उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेले में 9 मई को 11 लाख, 10 मई को 42 लाख, 11 मई को 44 लाख एवं 12 मई को 31 लाख रुपये के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री हुई। कॉनफैड स्टोर पर उपलब्ध सिहोरी गेहूं के साथ ही कोटा-बूंदी का तानसेन एवं मधुबाला चावल, केरल के मसाले, इरोड (तमिलनाडू) की हल्दी, बारां का धनिया आदि की मेले में जबर्दस्त डिमांड है।

ग्राहकों के लिए मोबाइल चक्की के माध्यम से मसालों की निशुल्क पिसाई की व्यवस्था की गई है। साथ ही, आगन्तुकों के लिए निःशुल्क पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। राजपाल ने बताया कि मेले में स्टॉल्स की संख्या बढ़ाकर 145 कर दी गई है। इस बार कॉनफैड कि स्टॉल सहित लगभग 25 स्टॉल्स पर श्री अन्न उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। साथ ही, ताजा फल एवं सब्जी भी मेले में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त ड्राई फरूट्स, कुकीज, चिप्स, नमकीन, पापड़, मंगोड़ी, अचार, जैम, शर्बत, ठण्डाई, माउथ फ्रेशनर, कैंडी, मुम्बईया सौंफ, बनारसी पान, इत्र, ऑर्गेनिक अगरबत्ती, मेहंदी, सूखी सब्जियां, रेडी टू ईट प्रोडक्ट्स, किचन वीयर, हैंडीक्राफ्ट्स, सजावटी सामान, सौन्दर्य उत्पाद, हैल्थ प्रोडक्ट्स एवं परिधान आदि विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि मेले में प्रतिदिन मनमोहक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है। जयपुर संभाग की ओर से हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम में सुदेश शर्मा एंड पार्टी की ओर से दी गई गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। साथ ही, राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने भी उपस्थित दर्शकों को रोमांचित किया।



ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को उचित सबक सिखाया, लेकिन युद्ध विराम को कुछ ही घंटों में तोड़ने के साथ पाकिस्तान की मंशा जाहिर हो गई। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से भारत की मौजूदा सदाशयता अपनी जगह, परंतु ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए पाकिस्तान पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।

# भरोसे के लायक नहीं



पाकिस्तान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उस पर भरोसा करना न केवल कठिन, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। पहलगाम आतंकी हमले का भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिये मुंहतोड़ जवाब देने के बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच चली तीव्र सैन्य झड़पों के उपरांत शनिवार की शाम को दोनों के बीच युद्ध विराम लागू हुआ था, लेकिन तकरीबन तुरंत ही पाकिस्तान द्वारा इसका घोर उल्लंघन उसकी दोहरी नीति को उजागर करते हुए विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने संबोधन में तो शांति की बात करते हैं, लेकिन उनके शब्दों और उनकी सेना की कार्रवाइयों में स्पष्ट विरोधाभास दिखता है। पाकिस्तान का यही दोहरा चरित्र दोनों देशों के रिश्तों को जटिल बनाता है। यह बात छिपी नहीं रह गई है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कमजोर सरकार भी अपने पूर्ववर्तियों की तरह ही फौज के इशारे पर काम करती है। ऐसे में, भारत के प्रति पाकिस्तान के अड़ियल रुख में बदलाव आने के कोई संकेत नहीं दिखते। इसमें संदेह नहीं कि कुछ दिनों के युद्ध में ही पहले से खस्ताहाल पाकिस्तान की यह हालत हो गई कि उसे दूसरे देशों के आगे हाथ फैलाने पड़ गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के आतंकी गढ़ों को तो निशाना बनाया ही, युद्ध विराम के उल्लंघन के बाद भारत ने महज डेढ़ घंटे के भीतर जिस तरह पाकिस्तान के ग्यारह एयरबेस ध्वस्त किए, उससे भी पाकिस्तान दबाव में है। जिस तेजी से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, उससे युद्ध विराम की घोषणा सामान्य हलकों में अप्रत्याशित थी। हालांकि सिंधु जल संधि पर निलंबन जारी रहने, किसी भी तरह के उकसावे की घटना को युद्ध मानने और व्यापार प्रतिबंध जारी रखने के भारत के निर्णय से यह संभव है कि यह रणनीतिक युद्ध विराम ही हो। युद्ध को लेकर भारत के विचार शुरू से ही स्पष्ट रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री को स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध भारत की पसंद नहीं है, तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति को साफ कहा है कि पाकिस्तान के उकसावे पर भारत शांत नहीं बैठेगा। सैद्धांतिक रूप से युद्ध विराम बेशक एक स्वागतयोग्य कदम हो सकता है, लेकिन यह कितना सार्थक होगा और कितना लंबा चलेगा, यह अभी खुला प्रश्न है। पाकिस्तान के हालिया रवैये को देखते हुए इसे द्विपक्षीय संघर्ष के लंबे अतीत के समाधान की दिशा में कोई महत्वपूर्ण कदम मानना जल्दबाजी ही होगी।

# पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं

**युद्ध को जारी रखने के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था और तेल व गोला-बारूद का भंडार होना जरूरी है, जो पाकिस्तान के पास नहीं है। ऐसे में, युद्ध विराम भले हो जाए, पर पिछले कुछ ही दिनों में भारत ने उसे जो सबक सिखाया है, वह जल्द ही घनघोर मुद्रास्फीति और खरीफ के मौसम में पानी की कमी की शक्ल में दिखाई देगा।**



भारत और पाकिस्तान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं, जो लागू भी हो गया है। हालांकि अपनी आदत से बाज नहीं आने वाला पाकिस्तान संघर्ष विराम के कुछ ही घंटों बाद उसका उल्लंघन करने लगा, लेकिन भारत की ओर से करारा जवाब मिलने पर अब फिलहाल शांति है। उम्मीद है कि दोनों डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) के बीच संभवतः अटारी सीमा पर आज दुबारा बातचीत होगी, जो केवल युद्ध विराम बनाए रखने और उससे जुड़े अन्य पहलुओं पर केंद्रित होगी। कोई दूसरा विषय नहीं उठाया जाएगा। यदि आगे कोई बातचीत होगी भी, तो राजनीतिक स्तर पर होगी। डीजीएमओ के बीच ऐसी आखिरी बैठक दिसंबर, 2013 में हुई थी, जब भारत ने पाकिस्तान द्वारा लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। तब संघर्ष विराम पर सहमति बनी थी, जो मौजूदा संकट तक कायम रहा।



**हर्ष कक्कड़**
*मेजर-जनरल (सेवानिवृत्त)*

वर्तमान बैठक दोनों पक्षों की ओर से कुछ दिनों तक रणनीतिक उद्देश्यों के लिए चले गहन सैन्य अभियानों के बाद हो रही है। पाकिस्तान की ज्यादातर मिसाइलें और ड्रोन नष्ट कर दिए गए, जबकि भारतीय मिसाइलें खुलेआम अपना लक्ष्य भेदती रहीं। भारत द्वारा उसके कई हवाई अड्डों को निशाना बनाए जाने के बाद पाकिस्तान में दहशत फैलनी शुरू हो गई, जिससे वे अस्थायी रूप से बेकार हो गए। इसके अलावा, कुछ पाकिस्तानी विमान भी नष्ट कर दिए गए।

पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने केवल सैन्य ठिकानों पर हमला किया था, पर हकीकत इससे बिल्कुल अलग थी। उसने रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया, जिससे निर्दोष नागरिक प्रभावित हुए, जिसके कारण भारत को उनके ड्रोन लॉन्च पैड को निशाना बनाना पड़ा। भारत ने आम नागरिकों को काफी हद तक क्षति से बचा लिया है।

किसी भी संघर्ष को जारी रखने के लिए अर्थव्यवस्था, तेल और गोला-बारूद भंडार जरूरी हैं। यहीं पर पाकिस्तान पिछड़ जाता है। ऐसी खबरें हैं कि उसके तेल भंडार तेजी से कम हो रहे हैं और उसने अपने लोगों को तेल की बिक्री सीमित कर दी है। हिंद महासागर पर हावी भारतीय नौसेना पाकिस्तानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर सकती है, जिससे तेल ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही बाधित हो सकती है। पश्चिम एशियाई देश, जो पहले उन्हें असीमित तेल की आपूर्ति करते थे, अब ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान जैसा कर्ज में डूबा देश संघर्ष में उलझने पर और भी डूब जाएगा, जिससे उबरना मुश्किल हो जाएगा। अगर सैन्य कार्रवाई शुरू होती है, तो पाकिस्तान लंबे समय तक युद्ध में टिक नहीं सकता है। साथ ही, पाकिस्तान अपनी विचारधारा से बंधा हुआ है। उसने अपने नागरिकों के सामने खुद को भारत से बेहतर बताया है, जबकि इसके सैन्य और असैन्य, दोनों नेता अपनी कमियों से वाकिफ हैं। यह तब है, जब पाकिस्तान भारत से हर युद्ध हारता रहा है। पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले दो राष्ट्र सिद्धांत पर जनरल असीम मुनीर का बयान इसका उदाहरण है। पाकिस्तान के पास एक संगठित फर्जी मीडिया नेटवर्क है, जिसे उसकी सेना की मीडिया सेल (डीजीआईएसपीआर) नियंत्रित करती है, जबकि एक लोकतंत्र होने के नाते भारत के पास ऐसी कोई संगठित संस्था नहीं है। पाकिस्तान के डीजीआईएसपीआर में सैकड़ों ऐसे इंटर्न हैं, जिनका एकमात्र काम फर्जी खबरें फैलाना है, जिसमें उनके सशस्त्र बलों की सफलता और भारत की विफलता को उजागर किया जाता है। पिछले कई वर्षों से यही उनका रवैया रहा है। इनमें से कई हैंडल भारतीय नामों से हैं, जिससे भारतीय पाठकों के लिए भ्रम की स्थिति पैदा होती है। इन हैंडल के पिछले पोस्ट की छानबीन करने पर ही वास्तविकता का पता चलता है, जो आमतौर पर कभी नहीं किया जाता। एक ही हैंडल द्वारा आगे बढ़ाया गया प्रत्येक संदेश कई लोगों के समर्थन से प्रामाणिक-सा दिखने लगता है और नवीनतम जानकारी चाहने वाले आम सोशल मीडिया फॉलोअर को भ्रमित करता है।

एक्स (ट्विटर) पर कई चीनी ट्विटर अकाउंट उभर कर सामने आ रहे हैं, जो मौजूदा संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं। चीनी हैंडल, जिनमें *ग्लोबल टाइम्स* जैसे उनके आधिकारिक सरकारी मुखपत्र भी शामिल हैं, इस्लामाबाद के विचारों और तथाकथित सफलताओं की जानकारियों को पेश करने के अलावा, पाकिस्तान को बीजिंग द्वारा आपूर्ति किए गए उपकरणों की विफलताओं को छिपाने के लिए बेताब हैं, जिनमें उनके प्रसिद्ध एचक्यू-9पी और एचक्यू-16 शामिल हैं।

एक बार जब चीनी उपकरणों की विफलता उजागर होती है, तो ये अकाउंट बहस में कूद पड़ते हैं और अपने उत्पादों का बचाव करते हैं। भारत के एस-400 एंटी-मिसाइल सिस्टम को नष्ट करने के उनके दावे, जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने खंडन किया है, इसका एक उदाहरण है। वास्तविकता यह है कि इस ताजा संघर्ष में चीनी उपकरण विफल हो गए हैं। चीनी एयर डिफेंस सिस्टम भारत द्वारा दागी गई एक भी मिसाइल का पता नहीं लगा सका और न ही उसे नष्ट कर सका।

यहां तक कि भारत द्वारा दागे गए ड्रोन भी पाकिस्तान के भीतर तक पहुंच गए, लेकिन चीनी वायु रक्षा प्रणाली उन्हें नहीं पकड़ पाई, जबकि पाकिस्तान द्वारा दागे गए ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाकर भारत ने उसे नष्ट कर दिया। भारत की घरेलू वायु रक्षा प्रणाली और एस-400 का संयोजन एक शानदार सफलता रही है। चीनी प्रणालियों की कमियां भारत के अलावा ताइवान और अमेरिका के लिए भी बहुत फायदेमंद होंगी। कुल मिलाकर, भारत ने पाकिस्तान को कई क्षेत्रों में निशाना बनाया। वैश्विक आतंकवादियों के साथ उसकी सेना की तस्वीरें प्रदर्शित करके आतंकवाद को पाकिस्तान का समर्थन दर्शाने के अलावा, भारत ने पाकिस्तान से व्यापार बंद कर दिया। इससे वहां दवाइयां महंगी हो जाएंगी, क्योंकि उनकी कीमत भारतीय एपीआई के कारण कम थीं, जिससे आम पाकिस्तानियों को परेशानी होगी। विश्व बैंक द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार करने के कारण पाकिस्तान को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है, खासकर आगामी खरीफ सीजन में।

इसके अलावा, भले ही युद्ध विराम जारी रहे, भारत आईडब्ल्यूटी को मौजूदा स्तर पर रखने से इन्कार कर देगा, खासकर तब, जब उसे अब वैश्विक समर्थन प्राप्त है। पाकिस्तान की जल आपूर्ति हमेशा भारत के नियंत्रण में रहेगी।

पाकिस्तान ने निर्दोष भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाकर गलती की। इससे उसे रणनीतिक नुकसान होगा। इसकी कीमत उसे कई पीढ़ियों तक अपनी अर्थव्यवस्था पर चुकानी पड़ेगी। युद्ध विराम भले हो जाए, लेकिन पाकिस्तान ने पहले ही भारी कीमत चुका दी है।

# टाइम मैनेजमेंट नहीं, सेल्फ मैनेजमेंट है असली कुंजी



**डॉ. अभिलाष मोदी**
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

**आज** के इस तेज़ी से भागते युग में टाइम मैनेजमेंट या समय प्रबंधन एक लोकप्रिय शब्द बन गया है। लेकिन यदि हम गहराई से सोचें, तो समझ आता है कि असली चुनौती समय को नहीं, बल्कि खुद को प्रबंधित करने की है। दरअसल, जब व्यक्ति स्वयं में अनुशासन, संतुलन और नियंत्रण लाता है – तब समय अपने आप व्यवस्थित हो जाता है।

कई लोग टाइम मैनेजमेंट के लिए टू-डू लिस्ट, टाइम टेबल, या फिर प्राथमिकता सूचियाँ (प्रायोरिटी लिस्ट) बनाते हैं। ये साधन कुछ समय के लिए कारगर हो सकते हैं, लेकिन यदि व्यक्ति स्वयं के व्यवहार, आदतों और निर्णयों को लेकर सजग नहीं है, तो ये प्रयास टिकाऊ नहीं रहते। असल में, जब तक व्यक्ति यह नहीं समझता कि उसका कौन-सा घंटा कहां व्यतीत हो रहा है, जब तक ऐसा नहीं होता, समय को नियंत्रित करना एक अधूरी कोशिश बनकर रह जाती है। कई विशेषज्ञों के साथ जीवन का एक बड़ा वक्त बिताकर मेरा भी ऐसा निष्कर्ष बना हैं कि यदि किसी व्यक्ति को सही मायने में स्वयं को प्रबंधित करना है, तो उसे अपने 24 घंटे का एक सही लेखा-जोखा रखना चाहिए। इसके लिए एक नोटबुक का पेपर लें और दिन के हर घंटे, सुबह जागने से लेकर रात सोने तक के लिए 30ङ्क31 दिनों के लिए एक बॉक्स शीट बनाएं। इसके बाद हर घंटे के कार्य को निम्नलिखित पाँच श्रेणियों/ केटेगरीज में बाँटेंः-

### 1.भविष्य के लिए सपना

» **आप भविष्य में क्या बनना चाहते हैं** – चाहे व्यक्तिगत जीवन में या व्यावसायिक जीवन में।

**उदाहरणः** एक बेहतर इंसान, बेटा, माता-पिता, जीवनसाथी, दोस्त, डॉक्टर, इंजीनियर, सिविल अधिकारी आदि।

**आप** दिन के कौन-से घंटे इन लक्ष्यों के लिए समर्पित कर रहे हैं? उन घंटों के बॉक्स में सपना लिख दें।

### नींद व शारीरिक विश्राम

**आप** शरीर को कितना आराम दे रहे हैं? नींद और विश्राम के लिए आप दिन के कितने घंटे दे रहे हैं? उन घंटों के बॉक्स में विश्राम/आराम लिख दें।

### मानसिक स्वास्थ्य

यदि कभी कभी आपका मन प्रसन्न नहीं रहता, तनाव महसूस होता है, या आपको बहुत जल्दी बुरा लगने लगा है – तो क्या आप मानसिक स्थिति को सुधारने के लिए कुछ समय दे रहे हैं? जैसे ध्यान करना, किताब पढ़ना, अपनों से संवाद करना आदि। उन घंटों के बॉक्स में मानसिकता लिख दें।

### दैनिक कार्य

**दूध** लाना, स्नान करना, खाना, बर्तन धोना, कपड़े पहनना, सफाई करना – ये सभी कार्य दिनचर्या में आते हैं। आप इनमें कितना समय दे रहे हैं? इसे दिनचर्या के रूप में चिन्हित करें।

### बेहोशी का समय

**वह** समय जो यूँ ही निकल गया – जैसे मोबाइल क्रॉल करना, फालतू की बातचीत करना, या बस बिना उद्देश्य के समय का निकल जाना। इसे बेहोशी का समय कहा जा सकता है। उन घंटों के बॉक्स में बेहोशी लिख दें।

यदि आप चाहें तो सपना, मानसिकता इत्यादि लिखने के बजाय हर एक क्षेत्र/केटेगरी के लिए एक रंग भी निर्धारित किया जा सकता है, जिससे एक सामान्य साइज के पेपर पर महीने भर के 720 घंटे स्पष्ट रूप से दिख सकें।

जब व्यक्ति इन पाँच श्रेणियों में अपने घंटों का लेखा-जोखा करता है, तो उसे यह स्पष्ट रूप से दिखने लगता है कि उसका अधिकांश समय कहां जा रहा है। उदाहरण के लिए, यदि 30 दिनों में 720 घंटों में से केवल 50 घंटे ही उसने अपने सपनों के लिए लगाए हैं और 150 घंटे बेहोशी में बिता दिए हैं, तो यह सच्चाई उसे यह अहसास दिला सकती है कि वह जीवन को जी नहीं रहा है, बस काट रहा है।

यही सेल्फ-अवेयरनेस का आरंभ है। एक बार जब व्यक्ति यह समझने लगता है कि उसकी ऊर्जा और समय का दुरुपयोग कहां हो रहा है, तभी वह स्वयं को दिशा देना शुरू कर पाता है। और जब व्यक्ति स्वयं को व्यवस्थित करता है, तब समय अपने आप ही एक तोहफे के रूप में प्रबंधित हो जाता है।

इसलिए आज की सबसे बड़ी ज़रूरत केवल टाइम मैनेजमेंट की नहीं, बल्कि सेल्फ मैनेजमेंट की है। यह रास्ता बहुत आसान है, और जो लोग ईमानदारी से इस पर चलना शुरू करते हैं, वे धीरे-धीरे अपने जीवन की बागडोर अपने हाथों में लेने लगते हैं और उनकी दिनचर्या उनके आस-पास वालों के लिए एक प्रेरणा बनने लगती है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# युद्ध की अनिवार्यता, प्रभाव और प्रभाव को सहने की क्षमता



**नविता**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**मानव** इतिहास का एक कटु सत्य यह है कि युद्ध सदा से समाज का हिस्सा रहे हैं। युद्धों को अक्सर बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। चाहे रामायण का युद्ध हो या महाभारत का महासंग्राम, मुगलों और मराठों के बीच टकराव हो या फिर विश्व युद्ध–हर युग में युद्ध हुए हैं और संभवतः भविष्य में भी होते रहेंगे। परंतु युद्ध केवल तलवारों और तोपों का संघर्ष नहीं होते, वे मानवता की कसौटी पर हमारे धैर्य, विवेक और करुणा की भी परीक्षा लेते हैं। हमारे धार्मिक ग्रंथ यह प्रमाणित करते हैं कि युद्ध कोई पहला उपाय नहीं था। रामायण में रावण से युद्ध टालने हेतु भगवान राम ने अंगद को शांति प्रस्ताव के साथ लंका भेजा। महाभारत में श्रीकृष्ण स्वयं कौरवों के दरबार में शांति प्रस्ताव लेकर पहुंचे, जहाँ उन्होंने पांडवों के लिए केवल पाँच गाँवों की मांग की। यह दिखाता है कि धर्म युद्ध की भी मूल भावना युद्ध से पहले शांति का प्रयास होती है। परंतु जब अहंकार और स्वार्थ हावी हो जाते हैं, तब प्रेम और समझौते की भाषा निष्प्रभ हो जाती है।

इतिहास गवाह है कि जब-जब युद्ध हुए हैं, तब-तब नुकसान मानवता का ही हुआ है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों में लाखों लोगों की जान गई, कई देश तबाह हो गए, और सभ्यता के चेहरे पर अनगिनत घाव पड़े। आज भी रूस-यूक्रेन और इज़राइल-गाजा जैसे संघर्ष यह दिखाते हैं कि भू-राजनीति में इंसानी जानों की कीमत अक्सर सबसे कम आँकी जाती है। भारत-पाकिस्तान के संबंधों में भी तनाव बना रहता है। परंतु हर बार यह देखकर गर्व होता है कि भारत के हर धर्म, राज्य और वर्ग के नागरिक–चाहे वे जल, थल या वायुसेना में हों–सीमा पर डटकर देश की रक्षा करते हैं। इसी बीच एक दिव्य उदाहरण तनोट माता मंदिर का है, जो जैसलमेर की सीमांत भूमि पर स्थित है। 1965 और 1971 के युद्धों में इस मंदिर पर सैकड़ों बम गिरे, परंतु एक भी नहीं फटा। यह केवल संयोग नहीं, अपितु ईश्वरी कृपा और आस्था का प्रतीक है। यह घटना दर्शाती है कि जब मानवीय साहस और दिव्य शक्ति एक साथ हो, तब विनाश भी रुक सकता है।

युद्ध को टालना संभव है, यदि इच्छाशक्ति, संवाद और सहयोग की भावना हो परन्तु युद्ध यदि अपरिहार्य हो तो उसे पूरी तैयारी और साहस के साथ लड़ा जाना चाहिए, परंतु उसे टालने के हर संभव प्रयास भी उतनी ही निष्ठा से किए जाने चाहिएं। यह सच्चाई है कि जब तक मानव का मन द्वंद्व से भरा रहेगा, तब तक बाह्य युद्ध भी चलते रहेंगे। लेकिन यदि हम भीतर की शांति को पा लें, तो शायद बाहरी युद्धों की जरूरत ही न रहे।

जब युद्ध की विभीषिका से मानवता कराहती है, तब ईश्वरी कृपा और आस्था की लौ ही मानव को शक्ति और आश्रय देती है–जैसे तनोट माता ने दिया। अतः युद्ध से पहले शांति के हर मार्ग को अपनाना ही सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**आखर आखर झरे उजियार**

# शिष्य की पात्रता से मिलती है गुरुकृपा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**गोपाल प्रभाकर**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**महाराष्ट्र** निवासी रंगू जी अच्छे गुरु की तलाश में थे. वो भटकते हुए संत तुकाराम की कुटिया तक जा पहुँचे। तुकाराम जी भगवत भक्ति में लीन रहा करते थे। कई दिन बीत जाते मग़र उनसे संवाद ही नहीं हो पाता था। रंगू जी को लगा, यहां कुछ भी प्राप्ति सम्भव नहीं। कहीं और चलते हैं। वो गुरु रामदास के आश्रम में चले गए। उनसे शिष्य बनाने की विनती की। गुरु रामदास बोले, तुम तो संत तुकाराम के पास थे न, उन्हें छोड़ कर यहां क्यों चले आए। रंगू जी बोले कोई तीन साल से उनके पास था। किन्तु उनसे ज्यादा देर बात ही नहीं हुई। वो तो हमेशा ध्यान लीन ही रहते हैं। मैं उनसे तत्व ज्ञान कैसे अर्जित करता।

गुरु रामदास ने जबाव दिया, वत्स ! सब का अपना अपना तरीका है.लेने न लेने का सोच तो ग्राहक की सोच होती है। शिष्य तो केवल समर्पण भाव को जीता है.किसे कितना मिलता है, ये शिष्य की पात्रता पर निर्भर है।

जहां तक तुकाराम का प्रश्न है, वे पहुँचे हुए संत हैं. वो बिन बोले बहुत कुछ देने की सामर्थ्य रखते हैं। बस, ग्रहण करने वाला चाहिए। वो सतत प्रभु भक्ति सिखा रहें हैं। तू बगैर प्रमाद निरन्तर भजन कर। जीवन का अमूल्य समय बर्बाद मत कर। रंगू जी को ये बात समझ में आ गई। वो तुकाराम के सान्निध्य में लौट आए। एक समर्पित भक्त की तरह रहे और खूब नाम कमाया। वास्तव में गुरुकृपा उसी शिष्य को प्राप्त होती है, जो सच्चे अर्थों में पात्रता रखता है।

**सत्य दर्शन**

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**मनुष्य**- ये सृष्टि एक ही प्रकार की है। इसमें आहार का प्रवाह ऊपर, मुंह के नीचे की ओर होता है। मनुष्य कर्म परायण और दुःख रूप विषयों में ही सुख मानने वाले होते हैं।

**10. देव सर्ग-** सनत्कुमार आदि ऋषियों का जो कौमारसर्ग है वह प्राकृत वैकृत दोनों प्रकार का है. वैकृत देव सृष्टि आठ प्रकार की है इसमें देवता, पितर, असुर, गंधर्व, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, सिद्ध, चारण, विद्याधर, भूत, प्रेत, पिशाच, किन्नर, किम्पुरुष, अश्वमुख आदि हैं।

**ब्रह्माजी से मानवी सृष्टि का निर्माण**

सर्वप्रथम ब्रह्माजी के चार मानस पुत्र हुए-सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार। इन्होंने किशोर अवस्था में ही संन्यास ले लिया। उनसे सृष्टि का विस्तार नहीं हुआ। इसके पशचात ब्रह्माजी के संकल्प से उनके दस पुत्र हुए। मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु, वशिष्ठ, दक्ष और नारद। नारदजी जन्म से ही वैरागी थे। ब्रह्माजी के अंग से धर्म का भी जन्म हुआ। ब्रह्माजी ने अपने शरीर को दो भागों में विभक्त किया। उससे स्त्री पुरुष का जोड़ा प्रकट हुआ। पुरुष स्वायम्भुव मनु और स्त्री उनकी महारानी शतरूपा हुई। सम्पूर्ण मानवी सृष्टि मनु और शतरूपा की संतान हैं। मनु को ही कई जगह आदम कहा जाता है। मनुष्यों को मनु से मानव और आदम से आदमी का जाने लगा। **क्रमशः**

# युद्ध की चुनौती और अर्थव्यवस्था



**आईएमएफ रिपोर्ट हो या वैश्विक एजेंसियों की रेटिंग-यही दर्शाती है कि युद्ध की चुनौती के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है।**

**जयंतीलाल भंडारी** | **मुद्दा**

इन दिनों पूरी दुनिया में हाल ही प्रकाशित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों से यह रेखांकित हो रहा है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए युद्ध के दौर में भी अपनी आर्थिकी को तेजी से आगे बढ़ा रहा है और इसी वर्ष दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा।

हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो इसी वर्ष के अंत तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तब देश की जीडीपी बढ़कर 40 खरब डॉलर को पार कर जाएगी, जो जापान की जीडीपी से ज्यादा होगी। यही नहीं, रिपोर्ट में कहा गया



है कि विकास की ऊंची दर से भारत की जीडीपी 2028 में बढ़कर 55.84 खरब डॉलर हो जाएगी और भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी तरह वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग स्टार डीबीआरएस ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को न्यूनतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी (कम)' से एक पायदान ऊपर उठाकर 'बीबीबी' कर दिया है। रेटिंग प्रवृत्ति को भी 'सकारात्मक' से 'स्थिर' कर दिया गया है। इस रेटिंग एजेंसी ने उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और डिजिटलीकरण, राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सतत उच्च विकास और एक लचीली बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से देश के संरचनात्मक सुधारों का हवाला दिया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। बीते अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो किसी महीने अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और आयकर संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिये से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। इसका कारण है कि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। निस्संदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले हैं। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है।

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 14/05/2025**

**सूर्योदय :** 05:43 **सूर्यास्त :** 19:02 **चन्द्रोदय :** 20:52 **चन्द्रास्त :** 06:21 **शक सम्वत :** 1947 विश्वावसु **विक्रम सम्वत् :** 2082 कालयुक्त **अमान्ता महीना :** वैशाख **पूर्णिमांत :** ज्येष्ठ **सूर्य राशि :** मेष **चन्द्र राशि :** वृश्चिक **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** द्वितीया, 26:29 तक **वार :** बुधवार **द्रिक ऋतु :** ग्रीष्म **द्रिक-वैदिक अयन :** उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** अनुराधा, 11:39 तक
**योग :** परिघा, 06:26 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 13:33 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 26:29 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:07 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:28 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:33 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:03 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:04 पी एम से |
| अमृत काल | 4:28 ए एम, मई 15 से |
| निशिता मुहूर्त | 11:56 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 05:31 ए एम से |
| अमृत सिद्धि योग | 05:31 ए एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : चन्द्र
चन्द्रवास : उत्तर

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05:42 - 07:22 | उद्वेग | 19:02 - 20:22 |
| अमृत | 07:22 - 09:02 | शुभ | 20:22 - 21:42 |
| काल काल वेला | 09:02 - 10:42 | अमृत | 21:42 - 23:02 |
| शुभ | 10:42 - 12:22 | चर | 23:02 - 00:22 |
| रोग वार वेला | 12:22 - 14:02 | रोग | 00:22 - 01:42 |
| उद्वेग | 14:02 - 15:42 | काल | 01:42 - 03:02 |
| चर | 15:42 - 17:22 | लाभ | 03:02 - 04:22 |
| लाभ | 17:22 - 19:02 | उद्वेग | 04:22 - 05:42 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वितीया

### आज कौन सा कार्य करें

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

ज्येष्ठ, कृष्ण, द्वितीया, 2082 बुधवार, 14 मई - 20 मई, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रय% करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# आरजीएचएस में गलत भुगतान हुआ तो पेंशनर्स को एसएमएस से मिलेगी तुरंत सूचना, शिकायत नहीं करने पर मानी जाएगी सहमति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** अब पेंशनर्स को आरजीएचएस में उसके कार्ड से होने वाले प्रत्येक भुगतान की जानकारी योजना में रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस से मिलेगीए गलत भुगतान उठा तो वह तत्काल शिकायत दर्ज करवाएगा ताकि जिम्मेदार अस्पताल या दवा की दुकान पर कार्रवाई की जा सके। शिकायत दर्ज नहीं करवाने पर माना जाएगा कि पेंशनर की भी इसमें सहमति है। आरजीएचएस योजना में ऐसे काफी सुधार किए गये हैं। ऐसे सुधार संबंधी कदमों की पेंशनरों को जानकारी देने तथा उनका फीडबैक प्राप्त करने के लिए वित्त विभाग ने वीडियो कांफ्रेन्स का आयोजन किया।

वीसी में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पेंशनर्स को आरजीएचएस योजना में वर्तमान में चल रही विभिन्न प्रकार की जाँच के बिन्दुओं के संबंध में जानकारी देकर बताया कि किस प्रकार लापरवाही बरतने के कारण अनेक पेंशनरों के आरजीएचएस कार्ड तथा ओटीपी का दुरूपयोग हुआ और इस कारण अत्यधिक संख्या में दावे प्रस्तुत कर दिये गए।

शासन सचिव वित्त 'व्यय' नवीन जैन ने बताया कि इनमें कई अस्पतालों तथा दवा की दुकानों द्वारा समय.समय पर सुविधाओं को दिये बिना ही फोन पर ओटीपी प्राप्त कर भारी भुगतान ले लिया गया जिसकी वसूली की कार्यवाही अब की जा रही है। जैन ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि कुछ पेंशनर्स द्वारा भी आरजीएचएस योजना के कैशलेस होने का गलत फायदा उठाते हुए पात्रों के अतिरिक्त अन्य लोगों के लिए इलाज व दवाईयाँ प्राप्त करने का प्रयास किया गया। वर्ष के अन्त के समय ओपीडी पर्चियाँ तैयार कर महंगी दवाईयाँ एवं इंजेक्शन प्राप्त किए गए और इसके लिये आवश्यक मेडिकल जाँचें भी रेकॉर्ड में नहीं पाई गई और न ही लाभार्थी की केस हिस्ट्री इसको प्रमाणित कर रही थी। अब उचित होगा कि सब लोग सतर्क रहते हुए पूर्ण ईमानदारी के साथ आरजीएचएस योजना का लाभ उठाएं ताकि सालों.साल राज्य सरकार कैशलेस सुविधा प्रदान करती रहे।

जैन ने आह्वान किया कि यदि कोई अनुमोदित अस्पताल या फार्मेसी की दुकान पेंशनर्स या उनके परिजनों को इलाज और दवाईयाँ देने से इन्कार करते हैं तो इनके विरूद्ध अविलम्ब कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसी शिकायत तत्काल हैल्पलाईन 181 पर दर्ज कराएं। यदि सब पेंशनर्स मिलकर नियमानुसार आरजीएचएस योजना का लाभ लेंगे तो निश्चित रूप से सुविधाएँ और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आरजीएचएस योजना के सभी प्रकार के पैकेज आईपीडी ध् ओपीडी ध्फार्मेसी में इलाज लेने पर एसएमएस के माध्यम से लाभार्थी को यह सूचना मिलेगी कि उनका कितने रूपये का क्लेम भेजा गया। इस सूचना को देखें और इसके सही नहीं होने पर सूचना दें।

## प्रेस क्लब में जामुन का पेड़ नाटक के जरिए प्रशासनिक व्यवस्था पर करारी चोट

# जामुन के पेड़ ने बताई प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net





**जयपुर।** बरसो से ढोह रहे लचर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की त्रासदी में एक आम आदमी किस तरह से पिस रहा है। इस पर करारा व्यंग्य प्रेस क्लब सभागार में मंचित नाटक ''जामुन का पेड़'' में देखने को मिला। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी, उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश सैनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, निखलेश शर्मा, दीपक सैनी, अनिता शर्मा, विकास आर्य ने मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मशहूर कहानीकार जनाब कृष्ण चन्दर की कालजयी कहानी जामुन का पेड़ का नाटय रूपान्तरण नीरज गोस्वामी ने किया।

कथासार जामुन के पेड़ तले दबे एक आदमी को निकालने के लिए कितनी प्रशासनिक बाधाएं पैदा हो रही है और यही हमारे सरकारी प्रशासनिक तंत्र की त्रासदी भी है, जिसे आज भी एक सामान्य नागरिक भोग रहा है। नाटक में सरकारी मशीनरी के क्रियाकलापों पर गहरी चोट की गई। फाइलों में ही समस्याओं का समाधान ढूढ़ा जा रहा है।

नाटक का निर्देशन गुरविन्द्र सिंह पुरी रोमी ने किया। वही नाटक में वरिष्ठ रंगकर्मी नीरज गोस्वामी, ईश्वरदत्त माथुर, राजेन्द्र शर्मा ''राजू'' मोइनुदीन खां, राकेश माथुर, मनोज स्वामी, अशोक माहेश्वरी, लोकेश कुमार साहिल, धनराज दाधिच, दीपक कथुरिया, राहुल मीणा ने अपने विभिन्न किरदारों को बखूबी रोचक ढंग से निभाया। नाटक में संगीत गुलजार हुसैन, मंच एवं म्यूजिक अनिल मारवाड़ी, अंकित शर्मा नोनू एवं रेणु सनाढ्य की रही।

प्रेस क्लब सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों सहित कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहे।

## जिलास्तरीय जनसुनवाई व समाधान कार्यक्रम कल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 15 मई को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। इसमें वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित होगी।

## एम्प्रेस क्लब" द्वारा मदर्स डे समारोह का भव्य आयोजन

# 'कुर्की हेरिटेज' में दिखा मां के सम्मान का जश्न

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में 'एम्प्रेस क्लब' द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कुर्की हेरिटेज बाय एलीट में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल के शारीरिक स्वास्थ्य पर ज्ञानवर्धक सत्र से हुई। उन्होंने महिलाओं को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर 'इम्पैक्ट फाउंडेशन' के अनाथ और वंचित बच्चों ने एक रंगारंग फैशन शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। स्मार्ट सर्किल ग्रुप द्वारा एक दिन की प्राइम मेंबरशिप फीस का 100% हिस्सा एक एनजीओ को दान किया, जो वंचित बच्चों के लिए मदर्स डे का उपहार होगा।

इस गरिमामय आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिनमें नगर निगम चेयरमैन मनोज मुद्गल और फोर्टी वूमेन विंग की अध्यक्ष नीलम विशेष रूप से शामिल रहे। टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता एवं 'नागिन' फेम नवीन शर्मा और कार्यक्रम में मिसेज इंडिया द क्राउन श्वेता मेहता मोदी ने भी सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। इस संपूर्ण आयोजन की परिकल्पना और नेतृत्व एम्प्रेस क्लब की संस्थापक खुशबू शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने इस आयोजन को एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव का रूप दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के योगदान को सम्मानित करना और समाज के कमजोर वर्गों को प्रोत्साहन देना रहा, जिसे आयोजन ने पूर्ण रूप से सार्थक किया।

# पंछियों के लिए बाँधे परिंडे



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान द्वारा विवेक विहार स्थित संतोषी माता मंदिर में पंछियों के लिए परिंडे लगाए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि रोज बाँधो परिंडे अभियान के तहत रोजाना परिंडे बांधे जा रहे हैं और दाना पानी की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर महंत राजू पंडित, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव राजपूत, संतोष कंवर, आदेश चतुर्वेदी शचि, दिनेश मेहता व रमेश चंद सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## परशुराम भवन ब्राह्मण छात्रावास में वाटर कूलर भेंट

# युवा उद्यमी वीरेन्द्र-नरेन्द्र शर्मा ने मनाई माता-पिता की वैवाहिक वर्षगांठ



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** युवा उद्यमी वीरेन्द्र शर्मा और नरेन्द्र शर्मा ने अपने माता-पिता आनंदी देवी व भवानी शंकर की वैवाहिक वर्षगांठ एवं मदर्स-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया। दोनों युवाओं ने विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित परशुराम भवन छात्रावास में रहने वाले छात्रों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि समाज में वृद्धाश्रम बनने की परम्परा अभिशाप सिद्ध हो रही है क्योंकि वृद्धावस्था में मां-बाप बोझ लगने लगते हैं और उन्हें अपनों से दूर वृद्धाश्रम में छोड़ दिया जाता है, जहां वे अपने एकाकी जीवन से जूझते रहते हैं। ये सब हमारी संस्कार विहीन पीढ़ी की देन है। इस अवसर पर छात्रावास हैड एसके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मां-बाप का पहला कर्तव्य बच्चों में संस्कार डालना है, उसके बाद अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रों के बीच वैवाहिक वर्षगांठ मना रहे दंपति को पुष्पाहार पहनाया गया और स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें सुधीर शर्मा, गोपाल शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, विद्याधर शर्मा, गौसेवक अजय कांत हिन्दू, हरिशंकर गौड, काशीनाथ दीक्षित, बजरंग शर्मा, लोकचंद हरिरामानी, हीरालाल शर्मा एवं मुरारीलाल शर्मा शामलि हैं। कार्यक्रम के अंत में रामधुनी के साथ सबको मिठाई खिलाई गई।

# शर्मा वैदिक ज्योतिषी के लिए सम्मानित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एस्ट्रो इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी और केपी विशेषज्ञ को ज्योतिष में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए जयपुर के होटल रिट्रीट में महाकुंभ महा सेमिनार के दौरान एस्ट्रोलाइट स्पिरिचुअल राजस्थान अकादमी (एएसआरए) द्वारा ज्योतिष महाकुंभ पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

ज्योतिषी कुलदीप शर्मा ने उप चंद्र कनेक्शन सिद्धांत द्वारा केपी ज्योतिष के माध्यम से जन्म समय सुधार करने के तरीके पर अपने विचार व्यक्त किए। सत्र के दौरान दिल्ली से एस्ट्रो डॉ अल्पना शर्मा भी उपस्थित थीं।

# शांति देवी फाउंडेशन ने मनाया 'माँ की मुस्कान' मदर्स डे 2025 पर अनूठा जश्न




**जयपुर @ जागरूक जनता।** शांति देवी फाउंडेशन ने 10 और 11 मई को मदर्स डे 2025 के अवसर पर 'माँ की मुस्कान' नामक एक विशेष अभियान का आयोजन किया। यह अभियान जयपुर की सड़कों पर संघर्षरत उन 100 माताओं को समर्पित था, जो फुटपाथ पर मेहनत कर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखती हैं। फाउंडेशन की टीम ने जयपुर की विभिन्न रोडसाइड मार्केट्स में जाकर इन माताओं को सम्मानित किया। उन्हें प्रेम से भरे संदेश, उपहार, और मुस्कानें भेंट की गईं – ताकि उन्हें यह एहसास हो सके कि उनका संघर्ष और प्रेम समाज के लिए कितने मूल्यवान हैं। संस्था के संस्थापक श्रवण शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि "हम चाहते थे कि इस मदर्स डे पर वे माताएं भी खास महसूस करें, जो अक्सर हमारी नजरों से दूर रह जाती हैं, लेकिन वास्तव में समाज का एक मजबूत आधार स्तंभ हैं।"इस पहल में शहर के युवाओं, संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर एक सकारात्मक संदेश दिया।"थोड़ा समय, थोड़ा साथ... किसी माँ के चेहरे पर मुस्कान बन सकता है।" फाउंडेशन भविष्य में भी इसी प्रकार की मानवीय पहलों के माध्यम से समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता लाने का कार्य करता रहेगा।

# 1971 भारत-पाक युद्ध



गनपत राय
सामाजिक कार्यकर्ता
@jagrukjanta.net

1971 भारत का पाकिस्तान से युद्ध हुआ है। इन्दिरा गांधी जी को मजबूरी में मानवता और भारत पर अकारण और पाकिस्तान की अपने देश में भाषा के कारण पूर्वी पाकिस्तान में शेख मुजीबुर रहमान जी की पार्टी को चुनाव में विजय मिली। उस समय भारत के रक्षा बाबू जगजीवन जी थे। बाबू जगजीवन जी को रक्षा मंत्री बनाने की कट्टरपंथी हिंदू संगठन जनता में बाबू जगजीवन जी को लेकर अपना सबसे प्रिय ऐजेण्डा किसी भी जाति धर्म के विरूद्ध नफरत और फूट डालने का घिनौना प्रचार किया इन्दिरा गांधी जी को समझ नहीं है। दलित को रक्षा मंत्री बनाकर कभी युद्ध होने पर देश को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। बाबू जगजीवन जी इन्दिरा गांधी जी सेना प्रमुख जनरल मानेक शाह की रणनीति को विजय मिली। भारतीय सेना ने अमेरिकन पैटन टैंकों को डैमेज करके अमृतसर की सड़कों पर नुमाइश लगा दी। अमेरिकन मिराज विमानो को भारतीय नेट स्वनिर्मित भारतीय विमानो घेर घेर के ढेर कर दिया। मिराज विमानो की नुमाइश लगा दी। अमेरिका सरकार ने भारत सरकार को डराने धमकाने की बहुत कोशिश की। अपना सातवा बेड़ा हिन्द महासागर में भेजने की धमकी दी। भारत ने इन्दिरा गांधी जी के प्रधानमंत्री काल में रुस के साथ शान्ति विकास सुरक्षा की सन्धि की देश को सुरक्षित रखा जाये सुनिश्चित किया। यह सन्धि इस युद्ध में मील का पत्थर साबित हुई। इन्दिरा गांधी जी अमेरिका को कूटनीति, युद्ध रणनीति के कारण अमरीका को सीधी चुनौती दी हम भी सातवें अमेरिका के जंगी बेड़े को बांध लायेंगे। अमेरिका की सरकार ने इन्दिरा गांधी जी से कहा कि आप अमेरिकन टैंक, अमेरिकन मिराज विमानो को भारत की सड़कों से हटाना दो। इससे हमारे हथियार लाबी के पूजीपति मित्रों को व्यापारिक नुकसान हो जायेगा। इन्दिरा गांधी जी बाबू जगजीवन जी भारतीय सेना भारत के लोगों का समर्थन बलिदान के कारण इस धर्म युद्ध में भारत की दोहरी जीत हुई। जो अंग्रेजी सरकार ने भारत को कमजोर करने के कारण साम्राज्यवादी ताकतों की धार्मिक उन्माद, नस्ल,उन्माद,भाषा उन्माद करा कर जहां भी शासन किया देशों के टुकड़े किए। भारत सरकार ने बंगलादेश बना कर शान्ति स्थापित कर के सत्ता सौंप दी। सेना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं। मेरा मानना है सरकार किसी भी दल की हो सेना से आर्थिक लाभ के जो वायदा करते समय पूरी समीक्षा करने के बाद ब्यान देकर तय सीमा में निभाना चाहिए। सेना में जवान बलिदान देश सेवा में भर्ती होता है। इसका सरकार सम्मान करना चाहिए।



## विराट का संदेश

*टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 14 साल पहले 'बैगी ब्लू' पहनी थी। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे गढ़ा और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना अंदरूनी रूप से बहुत ही व्यक्तिगत होता है। शांति से मेहनत करना, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन ये पल हमेशा आपके साथ रहते हैं। अब जब मैं खेल के इस फॉर्मेट से दूर जा रहा हूं तो यह आसान नहीं है-लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसे अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया है। मैं खेल के लिए, जिन लोगों के साथ मैदान में खेला और हर उस व्यक्ति के लिए दिल में आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस खेल के सफर में देखा है। मैं अपने टेस्ट करियर को हमेशा मुस्कराते हुए देखूंगा।*

## विराट कोहली टेस्ट करियर

| मैच | इनिंग्स | रन | हाईस्ट | ऐवरेज | स्ट्राइक रेट | सेंचुरी | फिफ्टी | फोर | सिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 123 | 210 | 9230 | 254* | 46.85 | 55.57 | 30 | 31 | 1027 | 30 |

# विराट @123 टेस्ट
# इनिंग्स डिक्लेयर

### कप्तानी में सबसे ज्यादा टेस्ट जीत

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 40 |
| एमएस धोनी | 27 |
| सौरव गांगुली | 21 |
| मो. अजहरुद्दीन | 14 |
| रोहित शर्मा | 12 |

### विराट का टेस्ट ग्राफ

| | शुरुआती टेस्ट से सितंबर 2014 | अक्टूबर 2014 से दिसंबर 2019 | जनवरी 2020 से अंतिम टेस्ट तक |
|---|---|---|---|
| रन | 1855 | 5347 | 2028 |
| टेस्ट | 29 टेस्ट | 55 टेस्ट | 39 टेस्ट |
| ऐवरेज | 39.46 | 63.65 | 30.72 |
| 100/50 | 6/9 | 21/13 | 3/9 |

### टेस्ट में भारत की ओर से सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | ऐवरेज | रन | टेस्ट | 100 |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंडुलकर | 53.78 | 15921 | 200 टेस्ट | 51 |
| राहुल द्रविड़ | 52.63 | 13265 | 163 टेस्ट | 36 |
| सुनील गावसकर | 51.12 | 10122 | 125 | 34 |
| विराट कोहली | 46.85 | 9230 | 123 | 30 |

### विराट का हर देश के खिलाफ प्रदर्शन

| टीम | टेस्ट | रन | हाईएस्ट | ऐवरेज | 100/50 |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 30 | 2232 | 186 | 43.76 | 9/5 |
| बांग्लादेश | 8 | 536 | 204 | 48.72 | 2/0 |
| इंग्लैंड | 28 | 1991 | 235 | 42.36 | 5/9 |
| न्यूजीलैंड | 14 | 959 | 211 | 38.36 | 3/4 |
| सा.अफ्रीका | 16 | 1408 | 254* | 54.15 | 3/5 |
| श्रीलंका | 11 | 1085 | 243 | 67.81 | 5/2 |
| वेस्टइंडीज | 16 | 1019 | 200 | 48.52 | 3/6 |

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली:** फटाफट क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट के सौंदर्य का प्रतीक रहे विराट कोहली ने सोमवार को करीब 14 साल लंबे टेस्ट करियर पर फुल स्टॉप लगा दिया। उम्मीद की जा रही थी कि विराट टीम इंडिया के साथ टेस्ट खेलने के लिए जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में खेला गया टीम इंडिया का पिछला टेस्ट मैच ही उनके टेस्ट करियर का अंतिम टेस्ट साबित हो गया।

**दिए कई यादगार पल:** कोहली ने न जाने कितने यादगार पल क्रिकेट प्रेमियों को दिए। सिडनी में दर्शकों को 'मिडल फिंगर' दिखाना, फिर एडिलेड में पहला टेस्ट शतक जमाना। 2013 में जोहानिसबर्ग टेस्ट में 119 और 96 रन की पारी। इंग्लैंड में 2018 में पांच टेस्ट में उनके बनाए 593 रन। कप्तान के तौर पर पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक और न जाने कितनी ऐसी पारियां जिन्होंने कोहली के कद को विराट बनाया।

### फैब-4 की चौकड़ी टूटी

टेस्ट क्रिकेट में नायाब प्रदर्शन से 'फैब-4' की अलग कैटिगरी बनाने वाली विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, केन विलियमसन और जो रूट की चौकड़ी टूट गई। विराट फैब-4 में टेस्ट से रिटायर होने वाले पहले प्लेयर बने। 2020 तक 27 टेस्ट शतक लगाकर फैब-4 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विराट ने 30 शतक के साथ करियर समाप्त किया। 4 वर्षों में विराट टेस्ट में सिर्फ तीन शतक लगा सके जिस कारण वह रेस में पीछे छूट गए। जो रूट टेस्ट में 36 सेंचुरी के साथ 12972 रन बनाकर ग्रुप में सबसे आगे, विराट सबसे पीछे थे।

**"क्या शानदार टेस्ट करियर रहा। आपने भारतीय क्रिकेट को रन से ज्यादा बहुत कुछ दिया। जुनूनी प्रशंसकों और खिलाड़ियों की नई पीढ़ी दी।**
*- सचिन तेंडुलकर, पूर्व कप्तान, भारत*



## टेस्ट क्रिकेट के योद्धा

**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने विराट के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने को 'एक शानदार युग का अंत' बताया है। चैपल ने विराट की तारीफ में जो बातें कही हैं, वह उनके टेस्ट करियर का सार है। उन्होंने कॉलम में लिखा कि विराट का टेस्ट करियर 2011 में शुरू हुआ और उनका एक दशक से अधिक लंबा करियर संयम, जोश और निडरता से भरा हुआ था। चैपल के मुताबिक, 'विराट के संन्यास से सचिन तेंडुलकर के बाद भारतीय क्रिकेट में सबसे अधिक परिवर्तनकारी खिलाड़ी का अध्याय खत्म होता है...और शायद कोहली भारत की क्रिकेट पहचान पर सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव के मामले में उनसे भी आगे निकल गए। एक दशक से भी अधिक समय तक विराट ने सिर्फ रन ही नहीं बनाए बल्कि उम्मीदों को फिर से परिभाषित किया, परंपराओं को चुनौती दी और 21वीं सदी के आत्मविश्वासी भारत का प्रतीक बने। हमने जो गैर आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर देखे हैं, उनमें उनके तेवर ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटरों की तरह हैं। वह टेस्ट में एक योद्धा थे, कभी भी एक इंच भी पीछे नहीं हटते थे। एक समय था जब भारतीय क्रिकेट विशेष तौर पर विदेशों में आसानी से घुटने टेक देता था, लेकिन यह धीरे-धीरे बदल गया। सौरव गांगुली ने भारतीय क्रिकेट को नयी रीढ़ दी। एमएस धोनी की शानदार नेतृत्व क्षमता से सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत ने दबदबा बनाया। लेकिन कोहली ने इसे ऊर्जा दी। उन्होंने नई पटकथा लिखी जिसमें भारत सिर्फ विदेशों में प्रतिस्पर्धी ही नहीं हुआ बल्कि उससे जीत की भी उम्मीद की जाती।'

## सचिन से एक धागे का बंधन

**सचिन तेंडुलकर** जब टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे थे तब विराट कोहली को उनका वारिस माना जा रहा था। सोमवार को जब कोहली ने इस फॉर्मेट को अलविदा कहा तो 'मास्टर ब्लास्टर' ने उनके बीच एक धागे के बंधन को याद किया। बारह साल पहले तेंडुलकर मुंबई में अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे थे जब 24 वर्ष के विराट अपने आदर्श क्रिकेटर के पास आए। विराट ने उस समय टेस्ट करियर में शुरुआती कदम ही रखे थे। तेंडुलकर ने एक्स पर पोस्ट में लिखा,'तुमने मुझे तुम्हारे दिवंगत पिता से मिला धागा तोहफे में दिया था। यह मेरे लिए काफी निजी चीज थी, लेकिन तुम्हारी भावना ने मुझे छू लिया और आज तक उसे भूल नहीं पाया हूं। मेरे पास बदले में देने के लिए धागा नहीं है, लेकिन मेरी प्रशंसा और शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं। तुम्हारी असल विरासत असंख्य युवा क्रिकेटरों को खेल को चुनने के लिए प्रेरित करना रही है।' विराट के पिता का उस समय निधन हो गया था जब उनकी उम्र बहुत कम थी।

## रह गए 10 हज़ार रन से दूर...

2011 में पदार्पण करने के बाद से कोहली ने भारत को इस फॉर्मेट में दुनिया की नंबर एक टीम बनाया। 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज में जीत दिलाई। उनकी कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते। वह दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ के बाद सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे। कोहली का आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया दौरे पर था। यह निराशाजनक था। उनका टेस्ट करियर 10,000 रन से कुछ कदम दूर खत्म हो गया।

### डबल सेंचुरी में सबसे आगे

विराट डबल सेंचुरी लगाने में सभी भारतीय खिलाड़ियों से आगे हैं। उनके नाम टेस्ट में 7 डबल सेंचुरी हैं। सुनील गावस्कर (4), सचिन तेंदुलकर (6), वीरेंद्र सहवाग (6) और राहुल द्रविड़ (5) से आगे हैं। टेस्ट फॉर्मेट से दिग्गज खिलाड़ियों का बाहर होना जारी है। पिछले दिसंबर में रविचंद्रन अश्विन और हाल ही में रोहित शर्मा ने संन्यास लिया है।

### 3 साल में ही बनाई 14 सेंचुरी

कोहली ने 2016 से 2018 तक टेस्ट मैचों में लगातार दो साल 75 से अधिक औसत से रन बनाए। तीन वर्षों में 30 में से 14 शतक बनाए। 4 साल में उनकी फॉर्म में गिरावट आई। दक्षिण अफ्रीका में सीरीज गंवाने के बाद 2022 में उन्होंने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में विराट ने कहा था कि उन्होंने 'खुश' रहने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी।

**Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### बना पाएंगे और 19 शतक ?

साल 2015 से 2019 के बीच विराट ने जिस रफ्तार से इंटरनैशनल शतक ठोके, उसको देखते हुए हर किसी को लगने लगा कि सचिन तेंडुलकर के 100 इंटरनैशनल शतकों का कीर्तिमान टूटने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। हालांकि, उसके बाद विराट रन बनाने के लिए संघर्ष करने लगे और जब लगा कि वह काफी दूर रह जाएंगे, उन्होंने फिर से रफ्तार पकड़ी। विराट के नाम फिलहाल 82 इंटरनैशनल शतक हैं। इनमें सर्वाधिक 51 वनडे में हैं। विराट को सचिन का रेकॉर्ड तोड़ने के लिए अभी 19 शतक और बनाने होंगे। विराट छह महीने बाद 37 साल के हो जाएंगे। उन्होंने औसतन हर छठे वनडे में शतक ठोका है। उन्हें 19 और शतक बनाने के लिए 100 से अधिक वनडे इंटरनैशनल खेलने होंगे। मतलब उन्हें करीब पांच साल और खेलना पड़ सकता है। ऐसे में 19 शतकों का टारगेट फिलहाल काफी दूर दिखाई देता है।

## पांच दिन के फॉर्मेट में भी विराट कोहली ने बनाए कई रेकॉर्ड

**7** डबल सेंचुरी लगाई हैं विराट कोहली ने टेस्ट में जो भारतीय बल्लेबाजों में सर्वाधिक हैं। विश्व स्तर पर वह इस लिस्ट में संयुक्त चौथे स्थान पर हैं

**20** टेस्ट शतक एक कप्तान के रूप में विराट कोहली ने बनाए हैं, जो भारतीय रेकॉर्ड है

**68** टेस्ट में उन्होंने कप्तानी की भारतीय टीम की जो रेकॉर्ड है। इनमें से उन्होंने 40 टेस्ट जीते और यह भारतीय कप्तानों में सर्वाधिक हैं

**115** रन 141 रन की पारी खेली थी विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 में टेस्ट कप्तानी डेब्यू मैच में। कप्तान के तौर पर अपने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने का कमाल विराट के अलावा सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्रेग चैपल ही कर पाए हैं

"टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। *-बीसीसीआई*

"भारत के महान टेस्ट क्रिकेटर्स में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक फॉर्मेट से विदा ली। सफेद जर्सी नहीं पहनेंगे, लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली। *-आईसीसी*

"शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक फॉर्मेट की लोकप्रियता बनाए रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये धन्यवाद। *-जय शाह, चेयरमैन, आईसीसी*

"शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी। *-गौतम गंभीर, हेड कोच, भारतीय टीम*

"विराट जब कप्तान बने तो उन्होंने भारतीय टीम की पूरी संस्कृति को बदल दिया, जिसमें फिजिकल फिटनेस से लेकर विदेशी धरती पर जीत की संस्कृति शामिल रही। यह बहुत बड़ा योगदान है। उनका करियर शानदार रहा। मुझे उन पर गर्व है। *-राजकुमार शर्मा, विराट के बचपन के कोच*

"टेस्ट क्रिकेट ने आपके भीतर के योद्धा को तलाशा और आपने इसके लिए सब कुछ दे दिया। आपने महान खिलाड़ियों की तरह खेला, सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफेद जर्सी में आपके योगदान पर गर्व है। *-युवराज सिंह, पूर्व क्रिकेटर*

## वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू टेस्ट निराशाजनक रहा तो विराट बोले, 'लेकिन, मैं छोड़ूंगा नहीं'

**जागरूक जनता @ नई दिल्ली** : कोई 14 साल पहले विराट कोहली को किंग्सटन में टेस्ट कैप नंबर 269 मिली थी। उसके कुछ हफ्तों पहले वह वनडे वर्ल्ड कप विजेता बन चुके थे। जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका डेब्यू टेस्ट निराशाजनक रहा। वह दो पारियों में केवल 19 रन बना सके। दोनों पारियों में वह कैरेबियाई पेसर फिडेल एडवर्ड्स का शिकार बने। टेस्ट क्रिकेट में वह मनचाहे अंदाज में डेब्यू नहीं कर सके और मीडिया से बातचीत के दौरान उनकी बातों में थोड़ी चिंता झलक रही थी। किंग्स्टन के एक रेस्तरां में लगभग 20 मिनट की इस बातचीत का समापन उन्होंने कुछ इस तरह किया, 'लेकिन, मैं छोड़ूंगा नहीं'। विराट ने जो कहा, कर दिखाया। उन्होंने चुनौतियों से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाइयों को छुआ जहां आधुनिक दौर के कई क्रिकेटर नहीं पहुंच पाए हैं। औसत शुरुआत के बाद विराट ने 123 टेस्ट का सफर तय किया और 10 हजार रन के माइलस्टोन से थोड़ा पहले ही इस फॉर्मेट में अपनी पारी डिक्लेयर कर दी। हालांकि, एक बैटर और टेस्ट कप्तान के तौर पर उन्होंने भारतीय क्रिकेट में जो प्रतिमान स्थापित किया, उसे हमेशा याद रखा जाएगा।

# मानसून मक्का महोत्सव का होगा आयोजन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में कार्यरत वैश्विक कंपनी बायर, राजस्थान के बारां, झालावाड़, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़ जिलों के गांवों में मक्का की खेती पर केंद्रित किसान कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। इन कार्यशालाओं के जरिए किसानों को मक्का के भोजन, पशुओं के चारे और सतत ईंधन के रूप में महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पहल बायर के संकल्प को दिखाती है, जो छोटे किसानों को बेहतर पैदावार और अधिक आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रही है। इस पहल पर बात करते हुए, भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में बायर के क्रॉपसाइंस डिवीज़न के क्लस्टर कमर्शियल लीड, मोहन बाबू ने कहा कि हम मक्का किसानों को बदलते कृषि परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने में विश्वास करते हैं। खरीफ, भारत के कुल मक्का उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मौसम के दौरान पैदावार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। अपनी कार्यशालाओं के माध्यम से, हम उत्पादकों को नवाचार अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने और मक्का मूल्य श्रृंखला की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बना रहे हैं। राजस्थान जैसे प्रमुख राज्यों में मक्का उत्पादन का समर्थन करके, बायर भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है।

# महिला अधिकार जागरूकता बैठक आयोजित



**तारानगर @ जागरूक जनता।** वार्ड नंबर 9 में आजाद हिंद जन कल्याण संस्थान पिलानी के द्वारा महिलाओं के अधिकार को लेकर जागरूकता बैठक रखी गयी जिसमें महिलाओं को घरेलू हिंसा व अन्य समसामयिक महिला शौषण के प्रति जागरूक किया गया व उन्हें सुलभ समाधान खोजने के लिए सहायता उपलब्ध करवाने हेतु हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबर 181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही केंद्र व राज्य सरकार कि विभिन्न महिला सशक्तिकरण कि योजनाओं के बारे में पालिका ईओ अजय प्रताप सिंह के निर्देशन में बताया गया। बैठक में पालिका से नितेश उपाध्याय फायरमैंन व सीओ अर्जुन सिंह राजपुरोहित व पुलिस थाना तारानगर से हरिदान सुभाष चन्द्र मुन्नी कुमारी सुलोचना प्रीति वर्मा कलावती अभिमन्यु सिंह शमेष्ठा देवी एवं सवयं सहायता समूह की महिलाए एवं आजाद हिंद जन कल्याण संस्थान के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# बियानी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बियानी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय "केरिंग फॉर नर्सेज स्ट्रेंथ इकॉनमी" रहा। इस अवसर पर आयोजक संस्था के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन एवं प्रिंसिपल डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल, सीनियर नर्सिंग प्रिंसिपल तारावती चौधरी, नर्सिंग प्रिंसिपल लथा पी.एस. और वाइस प्रिंसिपल जीशु जार्ज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस खास अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने सभी विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी। इसी के साथ जिंदगी का मकसद बताते हुए कहा कि जिंदगी का मकसद है जीवन से मुक्त हो जाना और यह हम सेवा से कर सकते हैं। नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है, जिसमें मदर टेरेसा और नाइटिंगेल की भावना देखने को मिलती है। साथ ही उन्होंने प्रकृति के सभी तत्वों को धन्यवाद देने के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में नर्सिंग के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई और उनकी कठिनाइयों का भी जिक्र किया गया।

# नवीन बाल विद्या मंदिर में समर कैंप 16 से



**रावतसर @ जागरूक जनता।** स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए नवीन बाल विद्या मंदिर रावतसर में समर कैंप का आयोजन 16 मई से किया जा रहा है । समर कैंप का आग़ाज़ जाने माने शिक्षाविदों के हाथों से होगा । विद्यालय स्तर पर समर कैंप लोक शिक्षण से प्रदत्त थीम के आधार पर आयोजित किया जाएगा । इस समर कैंप में इंग्लिश स्पोकन, आर्ट एंड क्राफ्ट, हैंडराइटिंग, माइंड गेम, डांस एंड म्यूज़िक, कंप्यूटर, एंकरिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्पोर्ट्स , मैनेजमेंट, ड्राइंग, महेंदी, स्पीच एंड ड्रामा, योगा , इनोवेशन एंड रोबोटिक्स वर्कशॉप, मिड ब्रेन इंडोर गेम, आउटडोर गेम, पेंटिंग, लेखन प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, इत्यादि कोर्स का आयोजन किया जाएगा। निदेशक नवीन गोदारा ने बताया कि इस समर कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे आपसी सहयोग, टीम वर्क, समस्या समाधान , आपसी समन्वय, तार्किकता और नेतृत्व क्षमता जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए, अवसर प्रदान करने के लिए, सामाजिक, सांस्कृतिक जागरूकता के अंतर्गत डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा बोलने की क्षमता विकसित करना शामिल है। मैनेजमेंट टीम नवलकिशोर व रेखाराम सारण ने बताया की ये कोर्स 30 दिन चलेगा। इसमें कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकता हैं। कैंप में प्रवेश के लिए 50 सीटें निर्धारित है।

# कक्षा दसवीं व बारहवीं के परिणाम में संस्कृति द स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**अजमेर @ जागरूक जनता।** सीबीएसई 2025 के कक्षा 10वीं-12वीं के नतीजों मे संस्कृति द स्कूल का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। चित्त गोयल व दक्ष गजरानी ने 96.6% अंक हासिल कर प्रथम रहे। वहीं शनाया तिवारी व लक्ष्य परमार ने 95.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान लिया व याषिका रावत ने 95.% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही वही प्रिंथा पारिक, अक्षत अग्रवाल, युवराज थदानी, रजत रांका, मयंक सागर और सर्मथ गोयल ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। 27.4% विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम में कला वर्ग में रिया पेसवानी 97.4% अंक अर्जित कर स्कूल टॉपर रही, नैना गुप्ता 97.2% द्वितीय व हिृदयांषी चारण तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान वर्ग में स्वस्ति शर्मा और सार्थक बाकलीवाल 95% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पर रहे व छवि जैन द्वितीय व अवनि जैन तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य वर्ग में रिद्वीमा खण्डेलवाल ने 95.6.% के साथ प्रथम कनिष्क कपूर 91.4% द्वितीय, साक्ष्य जेठानी व ध्रुव साहु 91.2% तृतीय स्थान पर रहे। पूर्वी मिक्षा और आर्यन सिंह वाहन ने अंग्रेजी में 100% अंक अर्जित किये, आकृति शर्मा अवनि सिंह, छवि जैन, स्वस्ति शर्मा, रूद्राक्षी कुष्वाह ने पेंट में 100% अंक अर्जित किये, रिद्विमा गुप्ता और हिृदयांषी चारण ने हिन्दुस्तानी संगीत में 100% अंक अर्जित किये, रिद्वीमा खण्डेलवाल ने अकाउंटेंसी में 100% अंक अर्जित किये व कनिष्क कपूर ने भी इकोनॉमिक्स में 100% अंक अर्जित किये।

## जागरूक खबरें

### पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर प्रतिबंध

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगने वाले पाकिस्तानी इलाके में अवस्थित मोबाईल टॉवरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के अन्दर 3-4 किलोमीटर तक के क्षेत्र में आ रहा है। जिसके कारण पाकिस्तानी लोकल सिम से पाकिस्तानी नेटवर्क के जरिये आसानी से कहीं पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इसके फलस्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा पर आशांकित खतरे के दृष्टिकोण पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग करने पर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रताप सिंह द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है।

### जिले में बढ़ गए नाबालिग और बालिग लड़कियों और महिलाओं के घर से भागने के मामले

# पाँच साल में 394 से 859 पहुंची मिसिंग पर्सन रिपोर्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**सीकर।** जिले में घर से नाबालिग लड़कियों, महिलाओं के गायब होने व घर छोड़कर भागने के मामले दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस विभाग की मिसिंग पर्सन रिपोर्ट (एमपीआर) रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच साल में घरों से लापता होने वाली नाबालिग लड़कियों, बालिग लड़के-लड़कियों की संख्या दोगुनी हो गई है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 2020 में 106 नाबालिग लड़कियां, 394 लड़कियां व महिलाएं व 28 नाबालिग लड़कों व 123 पुरुषों की मिसिंग पर्सन रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसकी तुलना में पांच साल बाद 2024 में 151 नाबालिग लड़कियां, 859 लड़कियां व महिलाएं और 223 पुरुष की एमपीआर दर्ज हुई थी। हालांकि इनमें ज्यादातर नाबालिग, महिलाएं व लड़कियां कुछ माह या सालभर बाद वापस आ जाती हैं, या वे शादी कर पुलिस सुरक्षा ले लेती हैं। पुलिस के अनुसार सीकर जिले में हर महीने नाबालिग, बालिग लड़कियां व पुरुषों की 120 से अधिक एमपीआर दर्ज होती है। यह आंकड़ा हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले 2025 में के तीन माह तक 39 नाबालिग लड़कियां, 202 लड़कियां व महिलाएं और 15 नाबालिग लड़कों की मिसिंग पर्सन रिपोर्ट जिलेभर के पुलिस थानों में आ चुकी है। ऐसे में नाबालिग लड़कियों व बालिग लड़कियां व शादीशुदा महिलाओं की भी बड़ी संख्या में मिसिंग पर्सन रिपोर्ट दर्ज हो रही है। लड़के व लड़कियां कॉलेज जाने, बाजार जाने, कपड़े लाने या सिलवाने, दोस्त या सहेली के पास जाने, परीक्षा देने जाने, कोचिंग जाने की बात का बहाना बनाकर घर से भाग रहे हैं। ये कैसेज लगातार बढ़ रहे हैं।

#### लड़कों व पुरुषों की मिसिंग रिपोर्ट में भी हुई वृद्धि

यही नहीं अब नाबालिग लड़कों के साथ ही बालिग लड़कों व पुरुषों के घर से गायब होने की मिसिंग पर्सन रिपोर्ट भी दर्ज हो रही है। नाबालिग लड़कियों, बालिग लड़कियों या महिलाओं के घर से जाने के कैसेज के साथ ही अब लड़कों व पुरुषों के जाने की एमपीआर भी बड़ी संया में दर्ज हो रही है। सूत्रों के अनुसार कई मामलों में तो शादी के लिए रजामंदी से जाने वाले लड़के के परिवार के सदस्य भी एमपीआर दर्ज करवाते हैं ताकि सामने वाला पक्ष उन पर हावी नहीं हो सके पीछे रह रहे परिवार को अनावश्यक परेशान नहीं कर सके। हालांकि कोर्ट मैरिज या आर्य समाज में विवाह के बाद युगल पुलिस से सुरक्षा मांगते हैं या लड़की के परिवार को पाबंद करवाते हैं ताकि वे किसी प्रकार से हमला या मारपीट नहीं कर सकें।

**लड़के**, लड़कियों व महिलाओं के घर छोड़कर जाने की घटनाएं सभी जगह बढ़ी हैं। इसके पीछे तकनीकी सुविधाएं बढ़ना, मोबाइल, सोशल मीडिया की भूमिका भी ज्यादा है। सीकर जिले में शिक्षा के साथ पैसा, स्मृद्धी बढ़ी है, इसमें महिलाओं की भी सहभागिता रही है। संपन्नता व शिक्षा ने स्वछंदता को बढ़ावा दिया है। ऐसे में पश्चिमी संस्कृति हावी होने से समाज में युवा अपने निर्णय स्वयं लेने लगे हैं। युवाओं पर समाज एवं परिवार का नियंत्रण धीरे-धीरे घट रहा है। युवा वर्ग मेरा जीवन मेरी मर्जी पर चल रहे हैं।


**प्रो. अरविंद महला**, समाजशास्त्री व प्राचार्य,
श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर

### दिल्ली-मुंबई ऐट लेन एक्सप्रेस-वेः मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गुजरेगी 4.9 किमी लंबी टनल

# 130 किमी कम हो जाएगी दिल्ली-मुंबई की दूरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटा।** दिल्ली-मुंबई ऐट लेन एक्सप्रेस-वे पर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चार-चार लेन की देश की सबसे बड़ी दो टनल की खुदाई का कार्य पूरा होने के बाद अब इन टनल में सड़क निर्माण समेत अन्य विकास कार्य मिशन मोड में शुरू कर दिए हैं। इसमें टनल के लिए सड़क का बेस वर्क, टनल की दीवारों को सुदृढ़ करने के लिए प्रोटेक्शन वॉल तथा टनल के दोनों सिरों पर 'कट एंड कवर' तकनीक से कवरिंग का कार्य शामिल है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के इस हिस्से में पहाड़ी को काटकर दो समानांतर टनल बनाई जा रही हैं, प्रत्येक में चार-चार लेन होंगे। दोनों टनल की कुल लंबाई 4.9 किमी है, जिनमें से 3.3 किमी पूर्ण टनल होगी, जबकि शेष 1.6 किमी 'कट एंड कवर' तकनीक से निर्मित की जाएगी। इनमें से पहली टनल का खुदाई कार्य 28 फरवरी को और दूसरी का 10 अप्रेल को पूरा किया गया।



#### कच्चे पत्थर और जलधारा से कार्य धीमा

**टनल** निर्माण के दौरान मुकुंदरा हिल्स की पहाड़ियों में कच्चे पत्थर और पानी आने के कारण खुदाई का कार्य धीमा हो गया था। निर्माण एजेंसी ने सतर्कता बरतते हुए खुदाई के साथ-साथ टनल की मजबूती का कार्य भी समानांतर रूप से किया। पहले यह टनल जनवरी 2024 तक पूरी होनी थी, लेकिन अब इसे दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### दुनिया की बेहतरीन तकनीक का होगा समावेश

**दरा** टनल में विश्वस्तरीय तकनीकों और उत्कृष्ट इंजीनियरिंग का समावेश किया जा रहा है। खुदाई का कार्य पूर्ण होने के बाद अब सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों ने गति पकड़ ली है। टनल में एआई आधारित मॉनिटरिंग, अत्याधुनिक वेंटिलेशन सिस्टम, फायर सेफ्टी सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, मोबाइल नेटवर्क बूस्टर, एफएम फ्रीक्वेंसी सिस्टम तथा विशेष लक्स लाइटिंग इफेक्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जो वाहन चालकों को सुरक्षित एवं आधुनिक यात्रा का अनुभव देंगी।

#### दिल्ली-मुंबई समय 12 घंटे

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे है। इसके बन जाने के बाद दिल्ली से मुंबई की दूरी लगभग 130 किमी कम हो जाएगी। अत्याधुनिक तकनीक से लैस इस मार्ग पर निर्बाध यातायात संभव होगा और यात्रा समय घटकर मात्र 12 घंटे रह जाएगा।

#### फैक्ट फाइल

**निर्माण लागत :** 1,000 करोड़ रुपए
**कुल लंबाई :** 4.9 किमी
**टनल का हिस्सा :** 3.3 किमी
**कट एंड कवर हिस्सा :** 1.6 किमी
**चौड़ाई :** 38 मीटर (19मीटर प्रति सुरंग)
**ऊंचाई :** 11 मीटर
**निर्माण पूर्णता लक्ष्य :** दिसंबर 2025

**दरा** में टनल की खुदाई का कार्य पूरा होने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं। वर्ष के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य लेकर मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण, तकनीकी कार्यों और कट एंड कवर तकनीक से संबंधित कार्य भी तेजी से जारी हैं।

**- संदीप अग्रवाल,**
परियोजना निदेशक, एनएचएआई

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड अवार्ड से सम्मानित




**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी उपलब्धियो में एक ओर अध्याय जोड़ते हुए "एपेक्स इंडिया ई.एस.जी. एक्सीलेंस प्लैटिनम अवार्ड 2024 ई.एस.जी. श्रेणी में एवं "ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेफ्टी डाईमंड अवार्ड 2024 ओ.एच.एस. श्रेणी में अपने नाम किया। यह पुरस्कार कंपनी द्वारा समग्र सतत विकास एवं ओ.एच.एस. में उत्कृष्ट कार्यो के प्रदर्शन को सम्पादित करता है। यह पुरस्कार पी.के. सहगल, मेजर जनरल सेवानिवृत, डॉ. अवनीश सिंह, महानिदेशक, डी.जी.एफ.ए.एस.एल.आई, श्रमिक और रोजगार मंत्रालय सेवानिवृत भारत सरकार और अविनाश कुमार नागयान, उप मुख्य निरीक्षक फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा प्रदान किया गया। एपेक्स इंडिया नेशनल कॉन्फ्रेंस एंड अवार्ड्स प्रेजेंटेशन प्रोग्राम के मौके पर यह पुरस्कार कम्पनी के सतत विकास प्रबंधक, एकलव्य भट्ट, इंस्ट्रूमेंट प्रबंधक अँकुर शर्मा एवं वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी सरंक्षा, प्रकाश पंकज ने प्राप्त किया। यह अवार्ड कंपनी द्वारा समग्र सतत विकास के क्षेत्र मे प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्टों का उपयोग, हरित पट्टिका मे विस्तार, जल सरक्षण, ऊर्जा सरक्षण, जलवायु परिवर्तन नियंत्रण तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सरंक्षा पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। देवेश कुमार मिश्रा, इकाई प्रमुख ने बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार समग्र सतत विकास उत्कृष्टता एवं स्थायित्वता के प्रति कम्पनी के व्यापक दृष्टिकोण का परिचायक है। साथ ही उन्होंने कहा की पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय स्तर पर हमारी पहचान बनाती है एवं व्यवसायिक लाभों में सुधार, ग्रीन हॉउस गैसों की कटौती से हरित पर्यावरण और सामुदायिक समृद्धि को बढ़ावा देती है ।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मार्च तिमाही के मजबूत नतीजों की घोषणा की,

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24-25 का समापन मजबूत तिमाही उत्पादन और बिक्री के साथ किया, जिसके परिणामस्वरूप मार्च तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 257 करोड़ रुपये हो गया। यह तीन चुनौतीपूर्ण तिमाहियों के बाद हुआ, जिसने पूरी इंडस्ट्री को प्रभावित किया था। तिमाही के दौरान मांग और कीमतों में उछाल के कारण बेहतर रियलाइजेशन हुआ और मार्च तिमाही में 105 प्रतिशत की उच्च क्षमता उपयोग हुआ। हालांकि तिमाही के लिए 5,103 रुपये प्रति टन की रियलाइजेशन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामूली रूप से कम थी, बदले हुए जियोलॉजिकल मिक्स के कारण, तिमाही के लिए 2,863 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड राजस्व 7 प्रतिशत अधिक था। प्रति टन एबिटिडा बढ़कर 1,014 रुपये हो गया-जो हाल के वर्षों में सबसे अधिक है। यह सालाना आधार पर 5 प्रतिशत और क्रमिक आधार पर 78 प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाता है। सीमेंट डिवीजन का ऑपरेशनल लाभ मार्जिन मार्च तिमाही के लिए 20 प्रतिशत था, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 18.6 प्रतिशत था और पूरे वर्ष के लिए 14 प्रतिशत था। कंपनी के चेयरमैन श्री हर्ष वी. लोढ़ा ने कहा कि "मध्य और पूर्वी भारत में हमारी क्षमता का उपयोग 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि "हमें उम्मीद है कि अगले कुछ वर्षों में सीमेंट की मांग 6-7 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगी। हाई ग्रोथ वाले बाजारों में अपनी अग्रणी स्थिति में सुधार करने के लिए, हम ग्रोथ के अगले फेज के लिए तैयार हैं। नई क्षमता जोड़ने से लाभप्रदता पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और साथ ही बाजार के करीब स्थित ग्राइंडिंग यूनिट्स के साथ लीड डिस्टेंस भी कम होगा। आरसीसीपीएल ने अपने मुकुटबन यूनिट में उत्पादन बढ़ाना जारी रखा, जिसने वित्त वर्ष 24-25 में लाभप्रदता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2022 में चालू होने वाली 3.9-एमटी इंटीग्रेटेड यूनिट देश के सबसे कुशल सीमेंट प्लांट्स में से एक है।

# स्वावलम्बन पोर्टल पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन शुरू

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** दिव्यांगजनो को दिव्यांगता प्र्माण पत्र व यूडीआइडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल पर ही लिये जा रहे है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी भवानी सिंह चारण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में 1 मार्च 2024 से दिव्यांगजनो को दिव्यांगता प्र्माण पत्र व यूडीआइडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल पर ऑनलाईन लिये जा रहे है। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगताओं के प्रमाणीकरण के लिए स्वावलम्बन पोर्टल पर मेप्ड चिकित्सा संस्थानों तथा चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सको के द्वारा प्रमाणीकरण कर प्रमाण पत्र एवं कार्ड जारी किया जाता है। उन्होने जिले के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पंचायत समिति के विकास अधिकारियों तथा शहरी क्षेत्र के नगरपरिषद व नगरपालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर अपेक्षा की है कि आप अपने-अपने क्षेत्र में इसका अधिकाधिक प्रचार प्रसार करवा कर वंचित दिव्यांगजनों के आवेदन स्वावलम्बन पोर्टल पर करवाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड जारी करावें। उन्होने ने बताया कि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र व यूडीआइडी कार्ड के आधार पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

**सूचना**

श्री भावेश कुमावत संवाददाता उदयपुर की अपरिहार्य कारणों से जागरूक जनता समाचार पत्र ग्रुप में आज दिनांक से सेवाएं समाप्त की जाती है। इनको संस्थान की ओर से जारी किए गए सभी डाक्यूमेंट निरस्त माने जाए। श्री भावेश कुमावत समाचार पत्र के आईकार्ड का या अन्य किसी डाक्यूमेंट का उपयोग करते हैं तो ये गैर कानूनी होगा। इसके जिम्मेदार श्री भावेश कुमावत स्वयं होंगे।

**सम्पादक**

# सांसद जोशी ने किया निर्माणाधीन गोरा बादल स्टेडियम का निरीक्षण

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सांसद सी पी जोशी ने बीते दिनों शहर के एकमात्र गौराबादल स्टेडियम का निरिक्षण किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि इस दौरान सांसद जोशी ने स्टेडियम की दुर्दशा पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। अनियोजित एवं अधुरे निर्माण कार्य, मैदान की साईज छोटी करने व इसके वास्तविक स्वरूप को समाप्त करने से इसका खामियाजा गोरा बादल में खेलने वाले खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए सीपी जोशी ने जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर स्टेडियम के रखरखाव, मरम्मत के लिए व्यवस्थित प्लानिंग कर स्टेडियम को पुनः निर्माण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शेखर शर्मा, लोकेश त्रिपाठी, परमजीत सिंह, मनोज पारीक, प्रहलाद टेलर, हरीश ईनानी, प्रशांत शर्मा, अभिषेक चांवला, धीरज सुखवाल, घनश्याम लोट, शुभम सुखवाल,संजय सुहालका, उमाशंकर दाधीच, नीलेश आंजना, अर्जुन जोनवाल, श्रवण क्षौत्रिय आदि उपस्थित रहे।



# बाड़े से 4.850 किग्रा. अवैध अफीम और 1 व्यक्ति से 0.188 किग्रा. अवैध मेफेड्रोन ड्रग बरामद

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान ने अवैध अफीम और मेफेड्रोन ड्रग जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्यवाही नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया की (सीबीएन), को 10 मई को एक गुप्त सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ जिले के उदपुरा गांव में एक बाड़े में अवैध अफीम छिपा कर रखने की एक विशेष सूचना मिलने के बाद, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने एक खुले बाड़े पर छापा मारकर घास के ढेर में छिपाई गई 4 किलो 850 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। सीबीएन को एक और गुप्त सूचना मिली की चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन रोड पर एक व्यक्ति होटल जमजम, रेलवे स्टेशन रोड के पास अवैध मेफेड्रोन ड्रग पहुंचाएगा। सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने उस व्यक्ति को रोका और उससे पूछताछ करने के बाद उससे 0.188 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन ड्रग (एम.डी) बरामद कर उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद अफीम ओर मेफेड्रोन ड्रग को एन.डी.पी.एस. अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पंचगव्य चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन

# देश में पहली बार आयुर्वेद विवि से पढ़ाई जाएगी पंचगव्य चिकित्सा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं गौ संवर्द्धन आश्रम, मोकलावास जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में देश का पहला पंचगव्य स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के पोस्टर एवं पुस्तिका का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा राजस्थान के कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े के करकमलों द्वारा करवाया गया। चिकित्सा एवं गौ संवर्धन के क्षेत्र में देश में पहली बार प्रारंभ किए जाने वाले इस स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतर्गत गाय के दूध, दही गोमूत्र,गोबर और घी की स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ प्राचीन भारतीय चिकित्सा विज्ञान की धरोहर आयुर्वेद में रोगों के निवारण में पंचगव्य की उपयोगिता की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रोफेसर प्रजापति ने बताया कि इस पंचगव्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सीटों की प्रवेश क्षमता अभी प्रति बैच 30 रखी गई है पाठ्यक्रम की कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से किया जाएगा, सर्वजन हिताय एवं गोवंश सुखाय हेतु विश्वविद्यालय के इस नवाचार के लिए राज्यपाल ने कुलपति को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही राज्यपाल महोदय ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि, "यह पाठ्यक्रम देश में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति को नया आयाम देगा और पंचगव्य चिकित्सा को एक वैज्ञानिक और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करेगा।" यह पाठ्यक्रम आयुर्वेद, पंचगव्य चिकित्सा, भारतीय गौवंश के संवर्द्धन, पंचगव्य उत्पाद निर्माण, विपणन, तथा आत्मनिर्भर स्वास्थ्य पद्धति में रुचि रखने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर है।




## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..................................................

पता : ..................................................

..................................................

फोन .............................. पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886



# कश्मीर पर ट्रंप की पेशकश को भारत ने दिखा दिया ठेंगा... विदेश मंत्रालय ने साफ की अपनी नीति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर मध्यस्थता कराने की पेशकश करने वाले डोनाल्ड ट्रंप को भारत ने ठेंगा दिखा दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि लंबे अरसे से हमारा यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लंबित मामला केवल पाकिस्तान के अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली कराने का है। बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का दावा करते हुए कश्मीर को लेकर भी बयान दिया था। ट्रंप ने कहा था कि वो दोनों देशों के साथ मिलकर कश्मीर मुद्दे का हल निकालने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा था कि शायद 'हजार सालों' बाद इस समस्या का कोई समाधान निकल आए।

### पाकिस्तान की तरफ से आया था समझौते के लिए फोन

**विदेश** मंत्रालय ने प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक बार फिर दोहराया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की तरफ से ही समझौते के लिए फोन आया था। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद पाकिस्तान ने संघर्ष रोकने के लिए समझौता करने का प्रस्ताव रखा। पाकिस्तान के प्रस्ताव के बाद दोनों देशों के DGMO के बीच बातचीत हुई है। रणधीर जायसवाल ने डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर बयान दिया, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने के लिए उन्होंने दोनों देशों के साथ व्यापार बंद करने की धमकी दी थी। जायसवाल ने कहा 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

## पीएम ने पाक को चेताया, ऑपरेशन सिंदूर अब नई नीति, यह सिर्फ स्थगित

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। पीएम ने कहा कि हमने अपनी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। आने वाले दिनों में हम देखेंगे कि पाकिस्तान क्या रवैया अपनाता है, उसके अनुसार ऐक्शन लेंगे। पीएम ने कहा, टैरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा, भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर प्रहार करेगा। पीएम ने कहा कि अब ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। इसने एक नया पैमाना, न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

> “हम विश्व समुदाय को बताना चाहते हैं कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी, तो आतंक पर ही होगी। अगर पाक के साथ बात होगी, तो PoK पर ही होगी।
> - नरेन्द्र मोदी

हम आतंकियों की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे और हर आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह कार्रवाई करेंगे, जहां आतंकी जड़ें हैं।

पीएम ने कहा कि बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया है, लेकिन यह मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। ये युग युद्ध का नहीं तो आतंकवाद का भी नहीं है। आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस ही बेहतर दुनिया की गारंटी है। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी लेकिन भारत ने उसके सीने पर वार किया। 10 मई को पाकिस्तानी सेना ने हमारे DGMO से संपर्क किया और हमले रोकने की गुहार लगाई, लेकिन हमने तभी विचार किया, जब उन्होंने अपने दुस्साहस को रोकने का वादा किया। इस दौरान मोदी ने ट्रंप की ओर से किए गए मध्यस्थता के दावे का कोई जिक्र नहीं किया। हालांकि ट्रंप के कश्मीर पर मध्यस्थता के प्रस्ताव का अपरोक्ष रूप से जवाब दिया कि पाक से सिर्फ PoK पर बात होगी।

## पाक में 13 सैन्य अड्डे बने निशाना







**दहले पाकिस्तानी एयरबेस** सेना ने बताया कि पाकिस्तान के 13 सैन्य अड्डे निशाना बने थे। विडियो से दिखाया कि रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस मिसाइल से कैसे दहला। रहमियार एयरबेस के रनवे पर तो गड्ढा हो गया।





**चीनी मिसाइलों को मार गिराया** सेना ने बताया कि पाक ने 'चीन की मिसाइलों' से हमला किया, लेकिन हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने इन्हें रास्ते में ही नाकाम कर दिया।

## फॉरवर्ड एरिया से सैनिक कम करने पर भारत-पाक सहमत

जागरूक जनता @नई दिल्लीः भारत और पाकिस्तान में सहमति बनी है कि दोनों पक्ष सीमा और फॉरवर्ड एरिया से सैनिकों की संख्या में तत्काल कमी के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। भारतीय सेना ने बताया कि सोमवार को DGMO स्तर की बातचीत में दोनों पक्षों ने एक भी गोली न चलाने और एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामक या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई न करने की प्रतिबद्धता जताई।

**DGMO वार्ता में तय हुआ, कोई गोली नहीं चलाएगा**

### ऑपरेशन सिंदूर पर युवती ने उठाए थे सवाल, गिरफ्तार

**रायपुर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने के मामले में रायपुर पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया है। युवती के खिलाफ बजरंग दल ने शिकायत की थी और गिरफ्तारी की मांग की थी। युवती की पहचान लूजिना खान के रूप में हुई थी। भारतीय सेना के ऑपरेशन को लेकर युवती ने सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट किया था। जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपने सोशल मीडिया पेज पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले को लेकर लिखा था कि वाह-वाही के लिए मासूम बच्चों का कत्ल किया गया।

# सेना ने बताया, इस्लामाबाद से कराची तक...ऑपरेशन सिंदूर से हिला था पाक

» जागरूक जनता

**नई दिल्लीः** सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को निशाना बनाया गया। सेना ने इसका MAP दिखाते हुए बताया कि इनमें नूरखान एयरबेस और रहमियार खान एयरबेस भी शामिल हैं। टॉप सैन्य अफसरों ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम का ब्योरा देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में यह सिस्टम देशवासियों की सुरक्षा दीवार बनकर खड़ा रहा। साथ ही, पाकिस्तान को चेताया कि हमारे सभी एयरबेस और सभी सिस्टम सुरक्षित हैं और अगले मिशन के लिए पूरी तरह तैयार और तत्पर हैं।

DGMO लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, डीजी नेवल ऑपरेशंस वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद और डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर ये जानकारियां दीं। एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन अफसोस इस बात का है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ देना उचित समझा और इस लड़ाई को अपनी लड़ाई बना दिया। तब हमारी जवाबी कार्रवाई बहुत जरूरी थी। इसमें उनका जो भी नुकसान हुआ, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं।

डीजी मिलिट्री ऑपरेशंस ने कहा कि वे हमारी मिलिट्री के साथ-साथ मासूम सिविलियंस पर भी हमले कर रहे थे। 2024 में जम्मू में श्रद्धालुओं और इस साल पहलगाम में मासूम टूरिस्टों को निशाना बनाया। पहलगाम तक पाप का ये घड़ा भर चुका था।




सैन्य अफसरों ने पाक पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी।

### एटमी ठिकानों पर हमले से इनकार

**क्या वायुसेना** ने पाकिस्तान के किराना हिल्स में बनी न्यूक्लियर फैसिलिटी को निशाना बनाया? इस पर एयर मार्शल भारती ने कहा, 'यह बताने के लिए शुक्रिया कि किराना हिल्स में न्यूक्लियर स्टोरेज है। हमें नहीं मालूम था। किराना हिल्स में जो भी था, हमने किराना हिल को हिट नहीं किया।'

**'पहलगाम तक पाप का घड़ा भर गया था'**

## चीनी मिसाइलें मार गिराईं

**सेना ने बताया कि** पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चीन से ली हुई मिसाइल PL-15 और तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया, लेकिन भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम ने इन्हें नाकाम किया। शनिवार सुबह सेना ने अमृतसर के पास जिस ड्रोन को गिराया, वह तुर्किये का बना था। वहीं, PL-15 मॉडर्न लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे पाकिस्तानी जेट इस्तेमाल करते हैं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे भी मार गिराया। भारत के इस सिस्टम में पॉइंटेड गन, लो लेवल एयर डिफेंस गन, कंधे से दागी जाने वाली गन, शॉर्ट रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, लॉन्ग रेंज मिसाइलें और जेट भी शामिल हैं।

# भय बिनु होइ न प्रीति...

## सेना का पड़ोसी मुल्क को कड़ा संदेश

**सैन्य अफसरों** ने मध्यकाल के भक्त कवि तुलसीदास और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की काव्य पंक्तियों का सहारा लेते हुए पाकिस्तान को कड़ा और सटीक संदेश दिया।

सैन्य अफसरों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में एक विडियो दिखाया गया जिसमें बताया गया कि कैसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम किया। उसमें दिनकर की पंक्तियों 'याचना नहीं अब रण होगा' का इस्तेमाल हुआ। फिर डीजी एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल ए.के. भारती ने रामचरित मानस की पंक्तियां सुनाते हुए कहा, बिनय न मानत जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति, बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति।.. साथ ही कहा कि समझदार को इशारा काफी है। डीजीएमओ ने बात खत्म करते हुए कहा, 'हौंसले बुलंद हों तो मंजिलें भी कदम चूमती हैं।'



सैन्य अफसरों ने बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम में 'आकाश' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## विराट से लिली तक का ज़िक्र

**DGMO लेफ्टिनेंट** जनरल राजीव घई ने कहा कि क्रिकेट का जिक्र करना होगा क्योंकि आज ही विराट ने टेस्ट से रिटायरमेंट का ऐलान किया है। कई भारतीयों की तरह वह मेरे भी फेवरेट हैं। इसी दौरान भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि 70 के दशक की बात है। एशेज सीरीज चल रही थी। उस समय ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाज, जिनका क्रिकेट में बड़ा नाम है। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों और उनकी बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया था। उन दिनों ऑस्ट्रेलिया में कहावत प्रचलित थी- From Ashes To Ashes From Dust To Dust, If Thomson Don't Get Ya, Lillee Must. यानी एशेज सीरीज में अगर कोई बल्लेबाज जेफ थॉमसन की सुपर फास्ट बोलिंग से किसी तरह बच भी जाता है, तो डेनिस लिली की सटीकता, उतनी ही खतरनाक गति, उसे निश्चित रूप से आउट कर देगी।




# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रवाल समाज की 37 प्रतिभावान हस्तियों का खाटू धाम में होगा अलंकरण सम्मान-राज कुमार मित्तल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल, मुख्य संरक्षक अग्र अलंकरण कृष्ण कन्हैया गोयल एवं राष्ट्रीय संयोजक अग्र अलंकरण.2025 उमा बंसल के कुशल मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय संरक्षक अजय कांत गर्ग की प्रेरणा से मथुरा, मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में केंद्रीय मुख्यालय ने 8 मई श्याम ग्यारस के शुभ अवसर पर जारी की 37 अग्र विभूतियों की विस्तृत सूची , प्रायोजक परिवारों एवं समाज बंधुओं के सहयोग से होगा यह सम्मान समारोह, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 37 विभूतियों का 12 जून को बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में होगा अलंकरण सम्मान,12 देशों से अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि भी होंगे शामिल।

» **अग्रबहुमुखी प्रतिभा पुरस्कार -** बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी को उत्कृष्ट कार्यो के लिए (समाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, व्यापार एवं उद्योग) में सक्रिय योगदान के लिए - "स्मृतिशेष बाबूराम जी अग्रवाल एवं शिव चरणदास जी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में ट्रस्टी राजेश जी अग्रवाल, (हांसी पेड़े वाले) हिसार (हरियाणा) की ओर से चयनित - डॉ किशन लाल भरतीया, कटक (ओडिशा)

» **अग्रउद्यमी पुरस्कार -** उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में परचम लहराने पर - स्मृतिशेष नरमा देवी जी मित्तल एवं रामकुमार जी मित्तल की पुण्य स्मृति में ट्रस्टी राजकुमार जी मित्तल "आर.के.एम. ग्रुप" आसनसोल (पश्चिम बंगाल) की ओर से चयनित - रविंद्र कुमार सिंघल, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

» **अग्रमहिला उद्यमी पुरस्कार -** राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग व व्यापार के क्षेत्र में महिला उद्यमी द्वारा परचम लहराने पर - मनोज जी अग्रवाल, राजू सुपारी, हैदराबाद (तेलंगाना) की ओर से चयनित - सुजाता अग्रवाल, झारसुगुड़ा (ओडिशा)

» **अग्रयुवा उद्यमी पुरस्कार** - राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग के क्षेत्र में परचम लहराने वाले 45 वर्ष तक के अग्रवशी युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप - लीलाधर जी सुल्तानिया "हरि केसरी राइस ब्रान ऑयल" बनारी, जांजगीर (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित :- यश गर्ग, जयपुर (राजस्थान)

» **अग्रगौरव पुरस्कार -** यूपीएससी में चयन पर अग्रकुल के उत्कृष्ट को - स्मृतिशेष स्वर्णलता जी अग्रवाल एवं रामकुमार जी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सुपुत्र भूषण जी, महेश जी एवं बुद्धीश जी अग्रवाल फर्म -"जगदीप फाउंड्री ग्रुप" बटाला, (पंजाब) की ओर से चयनित :- सुमुदिता बंसल, लुधियाना (पंजाब)

» **अग्रमहिला रत्न पुरस्कार** - विधि एवं न्याय के क्षेत्र में न्यायिक सेवाए एवं अधिवक्ता के रूप में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवाएं देने वाली महिलाओं को -स्मृतिशेष माता बिमलेश जी सिंघल पिता राम अवतार जी सिंघल (खदर वाले) की पुण्य स्मृति में कर्मठ समाज सेवी धर्मानुरागी इन्दु जी गुप्ता, अवध किशोर जी गुप्ता मेरठ (उत्तर प्रदेश) की ओर सेचयनित- सुनीता बंसल, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली

» **खाटू श्याम भक्ति सम्मान पुरस्कार -** 1000 किलोमीटर या अधिक की पदयात्रा कर बाबा खाटूश्याम के चरणों में निशान अर्पित करने वाले पैदल यात्री को - जय प्रकाश जी अग्रवाल, सुमित अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल फर्म रेडॉन लिथियम इंडस्ट्रीज LLP बैंगलोर (कर्नाटक) की ओर से चयनित - निशा घनश्याम अग्रवाल, नागपुर (महाराष्ट्र)

» **अग्रशिरोमणि पुरस्कार** - समाज सेवा के क्षेत्र में जीवन पर्यंत काम करने पर- स्मृतिशेष दादा राधे लाल अग्रवाल (सूत वाले), स्मृतिशेष पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता (साइकिल वाले) एवं माता बिशनो देवी जी की पुण्य स्मृति में ट्रस्टी अवध किशोर गुप्ता, इन्दु गुप्ता, गौरव गुप्ता, डिम्पी गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, अतीन अग्रवाल सुशालिनी अग्रवाल, रेयांश अग्रवाल मेरठ (उत्तरप्रदेश) की ओर से (इस पुरस्कार के लिए अवधि सीमा का बंधन नहीं है) चयनित -सुरेश कुमार अग्रवाल 'भद्रपुरे' बिर्तामोड (नेपाल)

» **अग्रअलंकरण पुरस्कार** - सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रकाशन, पत्रिका, खोजी पत्रकारिता या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए - स्मृतिशेष बाबूलाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सुपुत्र 1008 महामंडलेश्वर डॉ. राजनंद योगी जी (डॉ.राजकुमार जी अग्रवाल, ज्योतिषाचार्य) इंदौर (मध्यप्रदेश) की ओर से चयनित - डॉ मनीष कुमार, डिडवाना (राजस्थान)

» **अग्रश्याम सेवक पुरस्कार** - श्याम बाबा के अनन्य भक्त शिरोमणि को - स्वर्गीय मनी देवी बंसल एवं रामेश्वर दास बंसल, दादाजी-दादी की पुण्य स्मृति में सुपौत्र कृष्ण कुमार बंसल, (श्याम बालाजी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड) दिल्ली की ओर से चयनित - राजेंद्र कुमार अग्रवाल, नैला-जांजगीर (छत्तीसगढ़)

» **अग्रभामाशाह पुरस्कार** - अस्पताल, धर्मशाला एवं शिक्षण संस्थान सेवा भाव के उदेश से निर्माण एवं पूर्ण होने पर - स्मृतिशेष सावित्री देवी जी एवं सेढूराम जी अग्रवाल की पुण्य स्मृति मे सुपुत्र पवन कुमार जी अग्रवाल "हिंद ग्रुप" बिलासपुर, (छत्तीसगढ़) की ओर से
**चयनित** - विवेक अग्रवाल त्तरूयूनिवर्सिटी, मथुरा (उत्तरप्रदेश)

» **अग्रगौ सेवा पुरस्कार** - गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर - स्मृतिशेष लखनलाल जी अग्रवाल की स्मृति में फर्म डी. मनोहरलाल द्वारा - सुरेश जी अग्रवाल (भाई) सक्ती (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - पवन कुमार अग्रवाल, कोरबा (छत्तीसगढ़)

» **अग्रपर्यावरणविद पुरस्कार** - पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर - स्मृतिशेष रामदास जी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सुपुत्र ट्रस्टी सुनील रामदास जी अग्रवाल, रायपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से
चयनित - बीना खीरवाल, चाईबासा (झारखण्ड)

» **अग्रजीनियस पुरस्कार** - शिक्षा या समकक्ष क्षेत्र गोल्ड मेडलिस्ट- प्रहलाद राय जी एंड संस चंद्रपुर जिला - शक्ति (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित -डॉ रीता प्रताप गोयल पीएचडी जयपुर (राजस्थान)

» **अग्रशिक्षा भूषण पुरस्कार -** CBSE/ISC में श्रेष्ठ को - पवन कुमार जी सुल्तानिया, झारसुगुड़ा (ओडिशा) की ओर से



चयनित - कर्षित अग्रवाल, मथुरा (उत्तरप्रदेश)

» **अग्र रत्न पुरस्कार** - राजनैतिक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करने पर - बड़े बहनोई - स्मृतिशेष किशन चंद जी ऐरन (पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय हिंदू महासभा (दिल्ली) निवासी-ग्वालियर (म.प्र.) एवं पूज्य मातास्मृतिशेष नर्मदा देवी जी सिंघल की पुण्य स्मृति में रामेश्वर दयाल जी सिंघल (रम्मी भारती जी) ग्वालियर (मध्यप्रदेश) की ओर से
चयनित - डॉ नरेश बंसल, सांसद, राजयसभा, दिल्ली

» **अग्रदूत पुरस्कार** - भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण एवं मूर्ति स्थपना हेतु संस्था, परिवार या व्यक्तिगत - स्मृतिशेष सीता देवी जी मोदी एवं किशन लाल जी मोदी की पुण्य स्मृति अशोक कुमार जी मोदी, संजय मोदी जी एवं राजा मोदी जी कोरबा (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - बुद्धीश अग्रवाल, बटाला (पंजाब)

» **अग्रसेन माधवी पुरस्कार -** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर - स्मृतिशेष पिताजी प्रभुराम जी अग्रवाल (फर्म - ऑटो सेंटर ग्रुप - महिंद्रा शोरूम, कोरबा छत्तीसगढ़ और वी पी हुंडई, बिलासपुर, छत्तीसगढ़) की पुण्य स्मृति में सुपुत्र ट्रस्टी पवन जी अग्रवाल, संजय जी अग्रवाल, कोरबा (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित- डॉ सरिता अग्रवाल, हरिद्वार (उत्तराखंड)

» **अग्रसेवा दूत पुरस्कार** - समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों पर - मेसर्स रुक्मणि पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड, खरसिया (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - मनीष अग्रवाल, जमनीपाली (छत्तीसगढ़)

» **प्रयागराज महाकुम्भ उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार** - वर्ष 2025 के प्रयागराज महा कुम्भ में अग्रवाल समाज की संस्था या व्यक्तियों द्वारा आगुंतक श्रद्धालुओं के लिए किये जाने वाले उत्कृष्ट सेवा के कार्य हेतु - स्मृतिशेष ओमप्रकाश गोयल (खरकिया) की पुण्य स्मृति में सुभाष स्वप्निल गोयल (ड्रग डील) गोयल परिवार अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - संस्था सोसाइटी बेनिफिट सर्किल, अध्यक्ष पवन बंसल, महासचिव आदित्य बिर म तुलस्यान, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

» **अग्रअप्रवासी भारतीय गौरव पुरस्कार -** भारत से बाहर विदेशों में रहकर या बिदेशो में रचनात्मक शिक्षा, धार्मिक एवं अन्य समाज के कामों को सक्रियता से गति देने वाले लोगों के लिए - हर्षवर्धन जी गोयल, सिंगापूर की ओर से चयनित - प्रीतम कुमार अग्रवाल, बैंगलोर (कर्नाटक)

» **अग्रबाल गौरव पुरस्कार** - अग्रकुल के बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने हेतु स्व. खेमचंद निंगानिया की पुण्य स्मृति में फर्म - सेढूराम खेमचंद निंगानिया, पैलेस रोड, सक्ति (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित- सुभावना सांवड़िया, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

» **अग्रसंस्था पुरस्कार -** उत्कृष्ट कार्यो एवं सक्रियता से अग्रवाल संस्था के रूप में समाजिक कार्यो को कर अपनी पहचान बनाने पर - स्मृतिशेष पूज्य माता-पिता सरवती देवी एवं मामचंद अग्रवाल के पुण्य स्मृति में श्रवण कुमार जी अग्रवाल (मित्तल) धरमगढ़, कालाहांडी, (ओडिशा) की ओर से चयनित - महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़. (छत्तीसगढ़)

» **अग्रधनवंतरी पुरस्कार** - स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य सेवाओं के लिए - स्मृतिशेष पुरषोत्तम जी टीबडेवाल दादा एवं स्मृतिशेष प्रवीण केजरीवाल जीजा की पुण्य स्मृति में शिवनंदन प्रसाद टीबड़ेवाल के प्रेरना से सुपुत्र ट्रस्टी हिमांशु गोयल, महागमा (झारखण्ड) की ओर से चयनित - डॉ विकास गोयल, HEMATOLOGIST, MBBS, MD, DM, रायपुर (छत्तीसगढ़)

» **अग्रखेल रत्न पुरस्कार** - खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच सफलता अर्जित करने पर - स्मृतिशेष गीता देवी अग्रवाल एवं बासुदेव अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सुनीता अग्रवाल ZIVASS, G.B.ENTERPRISES रायगढ़ (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - सुवंतिका अग्रवाल, नोएडा (उत्तरप्रदेश)

» **अग्रविलक्षण प्रतिभा पुरस्कार** - अग्रकुल के बच्चों में अद्वितीय प्रतिभा प्रदर्शन या राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त को - माताजी की पुण्य स्मृति में कमला हरि फाउंडेशन की ओर से अरुणा दिनेश जी अग्रवाल बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - सुअनन्या बूबना, मधुबनी (बिहार)

» **अग्रदिव्यांग सेवा पुरस्कार** - सर्व वर्ग के दिव्यांगों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को - इंद्रचंद जी बंसल एवं स्मृतिशेष सुशीला बंसल जी की प्रेरणा से सुपुत्र ट्रस्टी प्रवीण जी बंसल, हिसार (हरियाणा) की ओर से चयनित - हेमंत भाई गोयल, जयपुर (राजस्थान)

» **अग्ररक्त वीर पुरस्कार** - रक्तदान के क्षेत्र में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तबीर एवं समाजिक संस्थाओ को - सुनील कुमार जी गुप्ता, दिल्ली की ओर से चयनित - दीपक अग्रवाल (रामूका) जमशेदपुर (झारखंड)

» **अग्रलाला लाजपत राय पुरस्कार** - सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी पहचान स्थापित करने वाले सदस्य एवं संस्था को - राम प्रसाद जी सराफ, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) की ओर से चयनित - चंद्रकांत सराफ, प्रेम मिलन कोलकाता (पश्चिम बंगाल)

» **अग्र शिक्षा अलंकरण पुरस्कार** - JEE/ NEET/ CAT या समकक्ष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्रकुल के प्रतिभावान बच्चो के लिए - ट्रस्टी उपमा महेश अग्रवाल बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - आयुष सिंघल, जयपुर (राजस्थान)

» **अग्रश्रेष्ठ पुरस्कार** - राष्ट्रीय स्तर पर विगत 10 वर्षो से वैवाहिक परिचय सम्मेलनों का सफल आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्थाओ को - मेसर्स सुभाष अग्रवाल जी (स्वर्णभूमि) रायपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से चयनित - छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, रायपुर (छत्तीसगढ़)

» **अग्रविज्ञान रत्न पुरस्कार** - विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सफ़लता अर्जित करने वाले समाज के सदस्य को - स्मृतिशेष धनपत राय अग्रवाल की स्मृति में पुत्रवधु एवं पुत्र सुषमा वासुदेव जी अग्रवाल, नागपुर (महाराष्ट्र) की ओर से चयनित - सुमित अग्रवाल, बैंगलोर (कर्नाटक)

» **सेठ जमना लाल बजाज पुरस्कार -** राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में शामिल करवाने एवं राजस्थानी धरोहर के उत्थान हेतु सतत प्रयासरत राष्ट्रीय स्तर की सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था या व्यक्तियों को - किरण अग्रवाल कांटाबांजी (ओडिशा) की ओर से चयनित - राणा संजय तुलस्यान, भीलवाड़ा (राजस्थान)

» **अंतर्राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार** - अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्र कुल के प्रतिभावान बच्चो द्वारा खेल कूद में पुरस्कार अर्जित करने पर - अनुराग जी गर्ग भरतपुर (राजस्थान) की ओर से चयनित - सुमोना चौधरी जयपुर (राजस्थान)

» **अग्रसाहित्य पुरस्कार** - साहित्य, कविता, लेखनी की उल्लेखनीय उपलब्धि पर उत्कृष्ट समाज सेवी को चयनित - डॉ. अंजना बैराठी, जयपुर (राजस्थान)

» **अग्रसंस्कृति दूत पुरस्कार** - संगीत, कला, नृत्य एवं संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हमारे पूज्य पिताचंद जी सिंघल निवासी ग्वालियर( मध्य प्रदेश) एवं हमारे आदरणीय वड़े भाई स्मृतिशेष राम किशोर जी सिंघल, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की स्मृति में रविन्द्र कुमार जी सिंघल, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की ओर से चयनित - रितु अग्रवाल, मुंबई (महाराष्ट्र)

» **अग्रविभूषण पुरस्कार** - प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी समाजिक, धार्मिक, न्यायिक, संस्कार, युवा चेतना, जनजागृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि पर चयनित - रामेश्वर दयाल सिंघल, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार की और से सभी चयनित विभूतियो को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल, मुख्य संरक्षक अग्र अलंकरण कृष्ण कन्हैया गोयल, राष्ट्रीय संयोजक अग्र अलंकरण उमा बंसल एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण आयोजन समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों ने सभी चयनित विभूतियों एवं प्रायोजक परिवार से निवेदन किया है कि 12 जून को सुबह 10 बजे तक अवश्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर सभी जरूर पहुंचे एवं अपने आगमन की सूचना 15 दिन पूर्व दे ताकि सभी की बेहतर व्यवस्थाएं की जा सके और हम इस ऐतिहासिक गौरवशाली पल के साबने।

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचे-राज्यपाल

## राज्यपाल बागडे ने ली अलवर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं। राज्यपाल बागडे मंगलवार को अलवर जिले के मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील रहकर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करावे ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले। बागडे ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की जानकारी हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करें। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस नीति के तहत 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों का नामांकन करते हुए शिक्षा से जोड़ने को कहा। उन्होंने जिले में ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है। राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की जिले में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना में नॉन फिजिबल पाए गए गांवों एवं योजना के दायरे से बाहर की ढांणियों में पेयजल व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे इस उद्देश्य के साथ मनरेगा के तहत जल संरक्षण, चारागाह विकास, पौधारोपण आदि के कार्य अधिकाधिक स्वीकृत कराने व नरेगा कार्यों में वृद्धि करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। बागडे ने कृषि अधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के लाभों के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए स्वयं किसानों द्वारा मृदा की जांच करवाने हेतु लैब में सैंपल भिजवाने के लिए जागरूक करने को कहा।

## जोधपुर प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सेनाओं का बुलंद करें हौंसला-राठौड़

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार को जोधपुर प्रवास पर रहे। जोधपुर प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और सेना के पराक्रम तथा शौर्य को बढ़ाने के उद्देश्य से सर्वधर्म, सर्वदल की ओर से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया। राठौड़ ने कहा कि सेना सीमा पर लड़ रही है, लेकिन क्षेत्र की जनता के मन से दिया हुआ आशीर्वाद हमारी सेना को मजबूती प्रदान करता है, सेना का मनोबल बढ़ता है। ऐसे में हम सभी को तिरंगा यात्रा में निकालकर सेना का मनोबल बढ़ाना चाहिए। राठौड़ ने

सभी राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं, सभी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों के साथ–साथ छात्र संगठनों एवं सभी धर्मो के धर्म गुरूओं से अपील करते हुए कहा कि देश के वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश की हमारी तीनों सेनाओं का हौंसला अवश्य बुलंद करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को घर में घुसकर समाप्त करने का काम किया है। आपरेशन सिंदूर चलाकर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा में 500 किलोमीटर तक घुसकर आतंकियों के गढ़ को नष्ट करने का काम किया है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान की



ओर से किए जा रहे ड्रोन हमलों का भी भारतीय सेना ने जमकर सामना किया और एक भी ड्रोन या मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर दिया। सेना ने आतंकवादियों, आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्रों और उनको सरंक्षण देने वालों तक को समाप्त कर दिया। भारतीय सेना का मकसद आतंकियों को सबक सिखाना था ना कि पाकिस्तान की जनता को परेशान करना। वहीं पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पराक्रम से घबराकर और बौखलाकर हमारे देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनता को टारगेट करने का प्रयास किया लेकिन हमारी सेना ने जमकर पाक के हमलों का जवाब दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से परेशान पाकिस्तानी सेना अधिकारियों ने घुटने टेक दिए और वार्ता के लिए समय मांगा। इतना ही नहीं, भविष्य में इस तरह के हमलें नहीं होंगे का वादा करने के बाद भारत की ओर से सीजफायर की घोषणा की गई। राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता सबको पता है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आतंकवाद को लेकर अपनी मंशा सोमवार रात विश्व के सामने रखते हुए पाकिस्तान को खुली चुनौती दे दी है। मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि अब भविष्य में आतंकी हमला हुआ तो मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंकी आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद को लेकर भारतीय सेना का आपरेशन सिंदूर जारी रहेगा।

# हरियाला राजस्थान के अन्तर्गत वन विभाग लगायेगा 41.40 लाख पौधे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मिशन हरियालो राजस्थान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को किया गया। उप वन संरक्षक जयपुर ने अवगत करवाया कि वर्ष 2025 के दौरान मिशन हरियालो राजस्थान योजनान्तर्गत जयपुर जिले में वन विभाग को कुल 41.40 लाख पौधे तैयार कर विभिन्न विभागों को वितरित किये जाने का लक्ष्य दिया गया है। उक्त लक्ष्य को विभिन्न विभागों के सहयोग से ही हासिल किया जाना संभव है। राज्य सरकार ने उक्त लक्ष्य के अर्जन हेतु विभागवार पौधारोपण करवाये जाने का लक्ष्य दिया गया है। विभागवार दिये गये लक्ष्यों से सभी को अवगत करवाया। वन विभाग द्वारा पौध वितरण हेतु तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की। बैठक में वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा करवाये जाने वाले पौधारोपण पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति अध्यक्ष ने सभी विभागों के बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उनके विभाग को आवंटित लक्ष्य अनुसार पौधारोपण करवाये जाने हेतु पूर्व तैयारी प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। बैठक में श्री डी.पी जागावत उप वन संरक्षक जयपुर (उत्तर), वी.केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, मनफूल बिश्नोई उप वन संरक्षक वन वर्धन जयपुर ओमप्रकाश शर्मा, उप वन संरक्षक वन्यजीव जयपुर एवं विभिन्न विभागों यथा शिक्षा विभाग, नगर निगम, जे. डी. ए., खनिज विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि एवं- उद्यानिकी विभाग, रा. राज्य प्रदूषण नियंत्रण, जल संसाधन, खेल, पर्यटन, रेल्वे, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पी.डब्ल्यू.डी एवं उद्योग विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### शिक्षामंत्री गत बैठक में दिए निर्देशों की पालना के संदर्भ में ली समीक्षा बैठक

# माह में 4 दिन ग्राम पंचायतों में रात्रि विश्राम करे अधिकारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के अंतर्गत संस्कृत विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में गत वर्ष अक्टूबर माह में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की गई। शिक्षामंत्री ने सभी अधिकारियों को प्रत्येक माह कम से कम 4 दिन ग्राम पंचायतों में रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने उच्चाधिकारियों को प्रत्येक 15 दिन में फील्ड में जाकर फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए शिक्षा विभाग सम्बंधी एमओयू की प्रगति की समीक्षा की और इनकी तत्परता से क्रियान्विति के निर्देश दिए। शिक्षामंत्री ने संस्कृत शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर देते हुए राजकीय संस्कृत संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करने के लिए ठोस एवं सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय संस्कृत संस्थानों में नामांकन वृद्धि की दिशा में सार्थक प्रयास करने और इसके लिए रूट मैप तैयार करने तथा राजकीय संस्थानों की मान्यता के नियमों में शिथिलता लाने का सुझाव दिया, आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए खेल मैदान के विकास, प्रयोगशालाओं में सुविधा सुधार , भवन में स्वच्छता व बालक और बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय पर विशेष जोर दिया। शिक्षामंत्री ने विभाग के लंबित मामलों पर भी विस्तार से चर्चा कर सभी तरह की शिकायतों का 10 दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**4 करोड़ पौधे लगाएगा विभाग**

शिक्षामंत्री ने पर्यावरण सुरक्षा के तहत विभाग को चार करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा है। उन्होंने कहा कि प्रति विद्यार्थी 300 पौधे प्रति माह और कार्मिकों को 15 पौधे प्रतिदिन लगाना अनिवार्य होगा। इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से कार्य को गति देने के निर्देश दिए। इस कार्य की क्रियान्विति के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना सुनिश्चित किया गया है।



# भाजपा प्रदेशभर में निकालेगी तिरंगा यात्रा-अरूण चतुर्वेदी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों की कमर तोड़ने का काम किया है। ऐसे में भारतीय सेना के मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय किया है। तिरंगा यात्रा किसी राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, यह देश का, समाज का हमारी सेना के लिए निकाला जा रहा कार्यक्रम है। इसमें आमजन की भागीदारी रहेगी। तिरंगा यात्रा संभाग स्तर के साथ जिला और फिर विधानसभा क्षेत्रवार भी निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में राजधानी जयपुर में 15 मई को तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला किया गया है। जयपुर में गुरुवार को सुबह 11 बजे अल्बर्ट हॉल से तिरंगा यात्रा को शुरू किया जाएगा। यात्रा न्यू गेट, बापू बाजार, सांगानेरी गेट होते हुए बड़ी चौपड़ तक जाएगी। तिरंगा यात्रा का बड़ी चौपड़ पर समापन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरी और संभाग स्तरीय कमेटी बनाई गई है।

# वनस्थली विद्यापीठ में पाँच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विश्वविख्यात महिला विश्वविद्यालय, वनस्थली विद्यापीठ में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन के काउंटडाउन के अंतर्गत शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यकर्ताओं के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 7 से 11 मई तक पाँच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी.) का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो सत्रों में (प्रातः 06.30 बजे से 08.00 बजे तक एवं सायं 05.00 से 06.30 बजे तक) कराया गया।

इस संकाय विकास कार्यक्रम में देश के विख्यात योग प्रशिक्षकों ने योग कौशलों का अभ्यास करवाया। इनमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के डॉ पुनीत चतुर्वेदी, अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. श्रुति शास्त्री, शिक्षा विभाग की योग प्रशिक्षक अंजना सिंघा, प्रख्यात योगगुरु सुश्री विनीता एवं प्रज्ञा केसरवानी के साथ ही शारीरिक शिक्षा और योग चेतना के वाहक डॉ. प्रहलाद कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा तथा श्रीमती सुमन शर्मा के द्वारा विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं यौगिक क्रियाएँ करायी गयी तथा इनयौगिक क्रियाओं के विविध लाभों के विषय में प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में कुल 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

प्रो. श्रुति शास्त्री ने ध्यान अभ्यासों को विकसित करने के लिए विश्राम, मानसिक विनियमन, निरंतर ध्यान की स्थिति और शुद्धिकरण पर जोर दिया गया। पाँच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मुरलीधर मिश्र तथा समन्वयक घनश्याम मातरिया ने नियमित अंतराल पर इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। संकाय विकास कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की एवं इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कदम बताया। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर भविष्य में योग को दैनिक जीवन में अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। वनस्थली विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री ने संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कराये गये योगासनों और ध्यान के निरन्तर अभ्यास करने का प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मधु, डॉ. कीर्ति और दक्ष त्रिपाठी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अरविन्द ने किया।

# बीआईटी मेसरा में रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री एवं जिला परिषद जयपुर द्वारा विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा (जयपुर कैंपस) में मई 2025 के दौरान विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. पीयूष तिवारी और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पुनीत शर्मा की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला द्व कार्यक्रम में इस सहयोग के लिए संस्थान जिला परिषद, जयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का हार्दिक आभार प्रकट करता है, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। यह आयोजन 'रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री' (आरएससी) के 'यूसुफ हमीद इंस्पिरेशनल साइंस प्रोग्राम' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विज्ञान शिक्षकों को सक्रिय शिक्षण तकनीकों से परिचित कराना था। रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री बेंगलुरु की ओर से 3 ट्रेनरों द्वारा कार्यशाला में सहयोग किया गया। कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क था और इसमें जयपुर व आसपास के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 227 से अधिक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का आरंभ पहले दिन सुबह 10 बजे हुआ, जिसमें "सक्रिय शिक्षण की ओर बढ़ना" नामक सत्र में शिक्षकों को पारंपरिक शिक्षण विधियों से हटकर अधिक सहभागिता-आधारित तकनीकों से परिचित कराया गया। शिक्षकों ने समूहों में कार्य कर कक्षा योजनाओं का निर्माण किया और उन पर आधारित गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। इस सत्र में विशेष ध्यान इस बात पर रहा कि कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए।

दोपहर के सत्र में "विज्ञान में सक्रिय शिक्षण तकनीक विकसित करना" विषय पर शिक्षकों को सजीव प्रयोगों, विज्ञान आधारित खेलों और वर्चुअल प्रयोगशालाओं के माध्यम से सिखाया गया कि सीमित संसाधनों में भी विज्ञान को किस प्रकार जीवंत और रुचिकर बनाया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने विडियो क्लिप, रसायनिक मॉडल और एनिमेशन की सहायता से विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाने के उपाय सुझाए।

दूसरे दिन के सत्र में "विज्ञान में सक्रिय शिक्षण तकनीकों को और आगे ले जाना" शीर्षक के अंतर्गत शिक्षकगण अमूर्त वैज्ञानिक विषयों जैसे कणों की प्रकृति और कोशिका की संरचना जैसे कठिन विषयों को पढ़ाने की रणनीतियाँ सीखेंगे। प्रशिक्षक यह बताएंगे कि विद्यार्थियों के मन में इन विषयों को लेकर जो सामान्य गलतफहमियाँ होती हैं, उन्हें कैसे पहचाना जा सकता है और शिक्षण विधियों में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है। विशेष रूप से 'डायग्नोस्टिक प्रश्नों' का उपयोग कर छात्रों की समझ की गहराई को मापा और सुधारा जाएगा। प्रशिक्षण के अंत में प्रत्येक शिक्षक को आरएससी की ओर से तीन शिक्षण संसाधन सामग्री और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही यह भी आश्वासन दिया जाएगा कि भविष्य में यदि किसी भी शिक्षक को अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होगी, तो आरएससी की टीम तत्पर रहेगी। प्रतिभागी इस प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी और व्यावहारिक बताएंगे, जिससे उन्हें अपनी कक्षाओं को अधिक प्रभावी और सहभागी बनाने की दिशा में नया दृष्टिकोण प्राप्त होगा।यह आयोजन विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त पहल सिद्ध होगा, जो शिक्षकों को पारंपरिक प्रणाली से आगे जाकर ईनोवेशन और क्रियाशीलता को अपनाने की प्रेरणा देगा। आरएससी और बीआईटी मेसरा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह प्रशिक्षण भविष्य में विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा।

यह कार्यक्रम विज्ञान शिक्षकों के लिए एक व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के रूप में भी कार्यरत रहा, जिसमें शिक्षकों के लिए एक विशेष एक घंटे की आत्मरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यकम में दिनांक 12 मई को अतिरिक्त मुख्य अभियंता वाटरशेड दिनेश कुमार द्वारा जल संचय जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त, शिक्षकों को भारत सरकार की "जल शक्ति अभियान" योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में जयपुर के जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम की सराहना की। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि जब शिक्षकों को उपयुक्त संसाधन, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्राप्त होता है, तो वे भविष्य के वैज्ञानिक मस्तिष्कों को आकार देने में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे प्रयास शिक्षा व्यवस्था को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास में भी योगदान देते हैं।

# नव दंपती ने फेरे लेने के बाद गौशाला पहुंचकर किया पौधरोपण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सांचौर।** क्षेत्र के चौरा निवासी नरेश कुमार पुत्र सुजानाराम विश्नोई ने अनुकरणीय पहल करते हुए अपने पुत्र व पुत्री की सादी के अवसर पर निकटवर्ती रामदेव वात्सल्य गौधाम चौरा पहुंचकर शादी की यादगार में पौधारोपण कर गौदान दिया गया। स्थानीय निवासी व्यवसायी बीरबल एम विश्नोई ने बताया कि शादी के आनंदित अवसर पर नव दंपति जोड़ों ने गौशाला पहुंचकर अपने शादी की याद में पौधे लगाए अत्यधिक पौधों से पर्यावरण संतुलित रहता है नई पहल से युवाओं में जागृति आती है। सामाजिक सरोकार की पहल का क्षेत्र में दूसरे लोग भी इसका अनुसरण करेंगे। साथ ही आयोजित शादी समारोह की सभा में नशे की मनुहार को बंद रखकर गौशाला में गौदान किया गया। इस दौरान गौशाला संचालक जालाराम विश्नोई, नरेश साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 5 किलो 800 किग्रा. अवैध डोडा पोस्त के साथ 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सांचौर।** महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार रेंज जोधपुर के द्वारा रेंज में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु मिशन मदमर्दन के क्रम में ऑपरेशन भौकाल के तहत कार्यवाही करने के निर्देशानुसार एसपी ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत एडिशनल एसपी आवड़दान रतनू एवं भवानीसिह ईन्दा वृताधिकारी रानीवाड़ा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सोमवार को मुखबीर सुचना पर नारणाराम पुत्र हरिराम जाति विश्नोई निवासी कोटड़ा के घर के साईड में कांटों की बाड़ में बाजरी के डोका में छुपा कर रखे एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 5.850 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर मुलजिम नारणाराम पुत्र हरिराम जाति विश्नोई उम्र 45 साल निवासी कोटड़ा पुलिस थाना करड़ा को गिरफ्तार कर उक्त मुलजिम के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में कमलेश कुमार थानाधिकारी, शंकराराम हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल हनुमानाराम, भजनाराम, कृष्ण कुमार, प्रियंका महिला, लादुराम, प्रभुराम व पूनमाराम शामिल रहे।

### वीर तेजाजी रक्त फाउंडेशन द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में रक्तदान

# मानवता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक-बेनीवाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**रावतसर।** मंगलवार को राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर के ब्लड बैंक में वीर तेजाजी रक्त फाउंडेशन बाड़मेर द्वारा भारतीय सेना के शौर्य और "ऑपरेशन सिंदूर" की अभूतपूर्व सफलता को समर्पित एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाड़मेर-जैसलमेर बालोतरा के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने स्वयं रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज की तथा रक्तदान करने वाले सभी दानवीरों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान सांसद बेनीवाल ने कहा "ऑपरेशन सिंदूर" भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने इस ऑपरेशन के माध्यम से आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर देश की सुरक्षा और सम्मान को अक्षुण्ण रखा। इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल देशवासियों के मन में गर्व की भावना जागृत की है, बल्कि सामाजिक संगठनों और नागरिकों को भी राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया है।

इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात की, उनका उत्साहवर्धन किया और कहा तेजाजी रक्त फाउंडेशन ने सकारात्मक एवं प्रेरणादायक पहल की हैं जिसमें रक्तदाताओ ने रक्तदान कर अपने सामाजिक और राष्ट्रसेवा भाव को प्रदर्शित किया। भारतीय सेना के सम्मान में रक्तदान का यह पुनीत कार्य न केवल मानवीय मूल्यों को दर्शाता है, बल्कि देश की सुरक्षा में समर्पित जवानों के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी है। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, समर्पण और एकजुटता की भावना को सशक्त करते हैं। भारतीय सेना का पराक्रम और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का अनुकरणीय प्रयास किया है। इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जो सामाजिक एकजुटता और देशभक्ति का प्रबल उदाहरण है। बाड़मेर-जैसलमेर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में जब समाजसेवी संस्थाएं सेना के गौरव को सम्मानित करने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आती हैं, इस आयोजन ने सकारात्मक और देशभक्ति की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा, भारतीय सेना का "ऑपरेशन सिंदूर" देश के लिए गर्व का क्षण है सेना हमारे देश की शान है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया, हमारे सेनाओं ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। इस ऑपरेशन की सफलता ने देशवासियों में गर्व और एकता की भावना को और मजबूत किया है। इस रक्तदान शिविर ने सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। रक्तदान एक महादान है, जो जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपहार है। बेनीवाल ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों और सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन देने और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# सांभर झील संरक्षण के निर्देश

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सांभर झील जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट संभागार जयपुर में आयोजित हुई। बैठक में सांभर झील से सम्बन्धित स्टेक्होल्डर वन विभाग, जिला प्रशासन, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल, स्थानीय निकाय साभर, पंचायती राजसांभर, जल संसाधन विभाग इत्यादि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# मोरों के लिए बांधे परिण्डे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जिला मोर संरक्षण समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा वन्यजीव गणना में मोरों की संख्या व मोर के शिकार के प्रकरणों में दोषसिद्धि दर का विशलेषण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होने गर्मी में मोर व अन्य पक्षियों के पेयजल की व्यवस्था हेतु परिण्डे लगाये जाने पर जोर दिया इसके अलावा मोर बाहुल्य क्षेत्रों में मोर के अण्डो को बचाने हेतु पौष्टिक लम्बी घास व अन्य प्रकार की वनस्पिति लगाने के निर्देश वन विभाग को दिए हैं। बैठक के अन्त में सदस्यों द्वारा मोर संरक्षण समिति के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

बैठक में वी.केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, आरती सिंह, उपनिरक्षक राजस्थान पुलिस जयपुर, रोहित गंगवाल, यषवन्त सिंह रक्षा, एन.जी.ओ., मनीष सक्सेना, हनुमान सहाय मीना, संयुक्त निदेशक, पशु पालन विभाग, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, अधीक्षण अभियन्ता, जलदाय विभाग, भजनलाल सी.एफ. डी.सी.पी. दक्षिण, विजय प्रकाश ए.सी.एफ, डी.सी.एफ. जयपुर, उमेश गुप्ता, ए.सी.एफ. जयपुर आदि विभागों व एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।